हरिभूमि
रायपुर भूमि



माहभर से खड़ी कई गाड़ियां, कैमरा भी खराब

मल्टीलेवल पार्किंग में कई कार एवं दोपहिया वाहन कई हफ्ते एवं महीने से यहां पार्क है। इन गाड़ियों को भी यहां से हटाने की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जबकि मल्टीलेवल पार्किंग में कलेक्टोरेट परिसर में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगने के बाद से 40 से 50 प्रतिशत अधिक गाड़ियां पार्क हो रही है। मल्टीलेवल पार्किंग में सुरक्षा की दृष्टि से पूर्व में लगाए गए सभी सीसीटीवी कैमरे भी खराब एवं बंद पड़े हुए है। निःशुल्क पार्किंग होने के कारण इन कैमरो को न ही सुधारा जा रहा है और न ही यहां की व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। इसके कारण प्रदेश में स्मार्ट सिटी के माध्यम से करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई पहली मल्टीलेवल पार्किंग भी राममरोसे स्थिति में है।

6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग...ये जनता के लिए नहीं, ट्रैव्हल्स कंपनियां ही हैं असली मालिक !

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के कलेक्टोरेट के सामने बनी करोड़ों रुपए की मल्टीलेवल पार्किंग ट्रैवल्स गाड़ियों का अड्डा बन गया है। नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण 6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग को टैक्सी, कार आदि किराए पर उपलब्ध कराने वाली ट्रैवल्स कंपनियों ने अपने वाहन पार्क करने के लिए टैक्सी स्टैंड बना लिया है। कई ट्रैवल्स कंपनियों की यहां दिन-रात कई दिनों ⏭शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार





रायपुर में गांजा पहुंचाने की कीमत 15 से 20 हजार, अन्य शहरों में 10 हजार


हाई क्वालिटी ओडिशा साग, पत्तेदार सब्जियां... ये गांजा के कोड वर्ड, घर पहुंचाने की सुविधा भी

गिरीश केशरवानी ⏭ रायपुर

मादक पदार्थ विशेषकर गांजा सहित अन्य सूखा नशा के खिलाफ पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई से मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले अलग-अलग तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। इसी कड़ी में गांजा तस्कर अब ओडिशा से सीधे जाकर गांजा लाने की बजाय ओडिशा के तस्करों को रायपुर बुलाकर उनसे गांजा की डिलीवरी ले रहे हैं। इस बात का खुलासा हरिभूमि के स्टिंग ऑपरेशन में हुआ। हरिभूमि की टीम ने तस्कर के साथ व्हॉट्सऐप कॉल तथा चैटिंग के जरिए बात की। रायपुर में गांजा पहुंचाकर देने 15 हजार रुपए में सौदा तय किया।

एक्सक्लूसिव

ऐसा है विज्ञापन: गांजा सप्लायर द्वारा इंस्टाग्राम में लिखा गया है- 'हाई क्वालिटी ओडिशा साग एवलेबल इन रायपुर' डिलीवर टू योर डोर स्टेप, पेमेंट ऑन डिलीवरी ओनली, इफ लीफी ग्रींस आर लिफ्स एसेंसियल पार्ट ऑफ योर डेली रूटिन, यू हेव कम टू द राइट प्लेस शीर्षक से विज्ञापन डाला। इसका अर्थ है, रायपुर में हाई क्वालिटी ओडिशा साग उपलब्ध। आपके घर के दरवाजे पर डिलीवर किया जाएगा, पेमेंट ऑन डिलीवरी की सुविधा, अगर हरी पत्तेदार आपके दैनिक दिनचर्या का एक जरूरी हिस्सा हैं, तो आप बिल्कुल सही जगह पर आए हैं। जैसे विज्ञापन जारी कर स्थानीय तस्करों से संपर्क करने विज्ञापन जारी किया है। रॉनी नाम से इंस्टाग्राम यूजर ने उक्त विज्ञापन जारी किया है।



तस्कर संग व्हॉट्सऐप चैट के अंश

रिपोर्टर- रायपुर में कहां मिलेगा, क्या रेट पड़ेगा?
तस्कर- 10 हजार रुपए किलो, लेकिन रायपुर में शायद ज्यादा रेट पड़ेगा आपको।
रिपोर्टर - कितना ज्यादा पड़ेगा?
तस्कर- बात करके बताता हूं, रायपुर का रेट। 15 हजार तक पड़ जाएगा प्रति किलो।
रिपोर्टर - परमानेंट ग्राहक हूं रेट ठीक से लगाएंगे तो खरीदी होती रहेगी। 15 हजार ज्यादा है।
तस्कर- आप पूछ लो सर, 20 के आस-पास चल रहा है।
रिपोर्टर- 13 हजार तक में कुछ पैसा बच जाएगा।
तस्कर- सर, बाद में जब ज्यादा लेंगे, तब रेट कम कर देंगे। फर्स्ट डील के लिए 15 ही ठीक है।
रिपोर्टर- ठीक है।
तस्कर-पता दे दीजिए।

संपर्क करने वाला बिचौलिया

जिसके साथ व्हॉट्सऐप चैट में गांजा खरीदने रिपोर्टर ने डील की, वह मूल आपूर्तिकर्ता की जगह बिचौलिया है। बातचीत से इसकी पुष्टि हुई। गांजा की कीमत को लेकर मोल-भाव करने के दौरान गांजा का भाव तय करने किसी और से पूछकर बताने की बात कही गई। तस्कर ने बातचीत के दौरान गांजा पहुंचाकर देने सभी तरह के आप्शन दिए, इसमें तस्कर कुरियर के माध्यम से एड्रेस में गांजा भेजे जाने की बात कही। इसके साथ ही उसने इसके लिए यूपीआई से पहले पेमेंट करने की शर्त रखी। इसके साथ ही उसने रायपुर में माल डिलीवरी करने के बाद पैसा लेने की बात कही। रायपुर में किसी थर्ड पार्टी के पास पैसा देकर माल देने की बात पर तस्कर ने अपनी थर्ड पार्टी नहीं होने की बात कही।

इसलिए बदला तरीका

कुरियर से गांजा डिलीवरी करने के साथ ओडिशा के गांजा तस्करों द्वारा घर पहुंच गांजा आपूर्ति करने की बात पर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला का कहना है कि सख्ती के कारण स्थानीय गांजा तस्कर ओडिशा से गांजा लाने बच रहे हैं। इस कारण ओडिशा के गांजा तस्कर कुरियर तथा अन्य माध्यमों से गांजा खपाने की कोशिश कर रहे हैं। कुरियर या अन्य माध्यमों से गांजा लाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। यही कारण है कि ओडिशा के गांजा तस्कर भी पुलिस की एंड टू एंड कार्रवाई में पकड़े जा रहे हैं।

बादल गरजे, राजधानी में हल्की बारिश, कुछ जगह ओले गिरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी से मानसून के विदा होने के तीन दिन बाद मौसम का मिजाज बदल गया है। दोपहर बाद बादलों में गर्जना हुई, साथ ही हवा की गति तेज होने के बाद कुछ इलाकों में ओलावृष्टि और बारिश भी हुई। मौसम के बदलाव के पूर्व शहर का अधिकमत तापमान 34 डिग्री तक पहुंच गया था। मौसम में हुए बदलाव का कारण मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के ऊपर बने चक्रवाती घेरा को माना जा रहा है। प्रदेश के मौसम में अभी ठहराव जैसी स्थिति है। रायपुर से अधिकृत तौर पर रवाना हो चुका मानसून बिलासपुर और सरगुजा संभाग में मौजूद है। इधर उत्तरप्रदेश के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम के एमपी-सीजी के ऊपर पहुंचने का असर बुधवार को थोड़े बदलाव के रूप में दिखाई पड़ा। इसके प्रभाव से दुर्ग में दोपहर अच्छी बारिश हुई और इसके पूर्व बिलासपुर, बलरामपुर और कबीरधाम इलाके में बारिश हुई। राजधानी रायपुर में मौसम का बदलाव नजर आया।

सड़ु में गिरे ओले

मानी इलाके में कुछ देर तक बारिश हुई तो सड़ु में हल्की वर्षा के साथ ओले भी घिरे। बादल भी कई हिस्से में गरजते रहे और कई हिस्सों में धूप भी निकली रही। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि गुरुवार को भी इसी तरह की स्थिति रह सकती है मगर मौसम में बड़ा बदलाव नहीं होगा। शुक्रवार के बाद सिस्टम कमजोर होगा। अभी दिन में तेज धूप और रात होने के बाद मौसम में ठंडकता जैसी स्थिति बनी हुई है।

आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक / स्पेयर पार्टस दुकान में काम करने हेतु लड़का/लड़की की आवश्यकता है।
वेतन 10,000/- से शुरू
इच्छुक व्यक्ति अभी कॉल करें
पता : अन्नपूर्णा इलेक्ट्रॉनिक
राम सागर पारा
एस.बी.आई बैंक के पास, रायपुर
9098102061

खबर संक्षेप

11 को कैबिनेट की बैठक

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक रविवार, 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री निवास कार्यालय, सिविल लाइन में होगी। बैठक में धान खरीदी के संबंध में निर्णय लिए जा सकते हैं। खाद्य विभाग की ओर से मार्कफेड धान खरीदी की तैयारी में लगा है। इस बार अच्छी बारिश होने की वजह से धान का बंपर उत्पादन होने की संभावना है। राज्य सरकार उसके आधार पर खरीदी का लक्ष्य और तारीख तय कर सकती है। बताया गया है कि बैठक में अन्य विभागों के संबंध में प्रशासनिक निर्णय लिए जा सकते हैं।

हटाए गए रविवि के कुलसचिव

रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि के कुलसचिव शैलेंद्र पटेल को उनके पद से हटा दिया गया है। शासन द्वारा अब उनका तबादला बस्तर विश्वविद्यालय किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग ने बुधवार को इस संदर्भ में आदेश जारी किया। रविवि में नवीन कुलसचिव की नियुक्ति फिलहाल नहीं की गई है। इसके लिए पृथक रूप से आदेश जारी किया जाएगा।

निर्माणाधीन मकान से बिजली सामान चोरी

रायपुर। पचपेड़ी नाका स्थित त्रिवेणी विहार के एक निर्माणाधीन मकान से बिजली सामान चोरी करने वाले दो नाबालिग सहित चार लड़कों को टिकरापारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी के आरोप में पुलिस ने पीयूष शर्मा की शिकायत पर पुरानी बस्ती निवासी निर्मल कुमार शाह तथा संतोषी नगर निवासी इजहार अहमद उर्फ बच्चा तथा उसके दो अन्य नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है। चारों लड़कों ने 11 सितंबर से 22 सितंबर के बीच चोरी की थी।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित



रायपुर। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के साथ-साथ ड्यूटी के दौरान अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की धरपकड़ में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले यातायात पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिन पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया उनमें 61 पुलिसकर्मी शामिल है।

गृहमंत्री का ओएसडी बनकर 15 को तबादला-नौकरी दिलाने का झांसा, ठग लिए 25 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

साथी के साथ मिलकर खुद को गृहमंत्री विजय शर्मा का पीए, ओएसडी बताकर 15 लोगों से 25 लाख की ठगी करने वाले दो जालसाजों को सिविल लाइंस पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के कब्जे से फर्जी आईडी कार्ड भी जब्त किया है। आरोपी लोगों को सरकारी नौकरी लगाने और ट्रांसफर कराने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाते थे। पुलिस ने दोनों आरोपी कमल विहार निवासी आदित्य मोहन पंडा (23) और देवपुरी हिमालया हाइट्स निवासी संतराम यादव (38) को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में दोनों ने पुलिस को 15 लोगों से 25 लाख रुपए लेकर ठगी करने का अपराध कबूल किया है। उनके खिलाफ सिविल लाइंस निवासी बोस्टो तांडी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि वह आरक्षक भर्ती की तैयारी कर रहा था। पुलिस लाइन में वह खुद अभ्यास करने के साथ दूसरे अभ्यर्थियों को भी फिजिकल टेस्ट की तैयारी कराता था।

- एक आरोपी के कब्जे से पुलिस ने फर्जी आईडी कार्ड जब्त की



पुलिस लाइन के बाहर हुई थी मुलाकात

पीड़ित द्वारा थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार 9 नवंबर 2025 को पुलिस लाइन के बाहर संतराम यादव से उसकी मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने बोस्टो को बताया था कि सिर्फ मेहनत से नौकरी मिलना मुश्किल है। उसने दावा किया कि उसकी गृहमंत्री के पीए से पहचान है और वह उसकी मदद कर सकता है। इसके बाद संतराम ने बोस्टो की मुलाकात आदित्य मोहन पंडा से सर्किट हाउस स्थित कॉफी हाउस में कराई। शिकायत के मुताबिक, आदित्य ने खुद को गृह मंत्री का निज सहायक बताया और भरोसा दिलाने के लिए अपना पहचान पत्र भी दिखाया।

चेक से रकम निकालने रोकने की कोशिश

बोस्टो ने दोनों आरोपी को कॉफी हाउस में नौकरी लगाने के नाम पर 70 हजार रुपए दिए थे। नौकरी नहीं मिलने पर पीड़ित ने आरोपियों से पैसों की मांग की तो आरोपी ने उसे एक चेक दिया। यह भी चेताया कि वह जिस दिन कहेगा, उस दिन बैंक में चेक लगाना तभी पास होगा। इसके बाद आरोपी पीड़ित को बैंक में चेक जमा करने से रोकने की कोशिश करते रहा। बोस्टो ने आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई तो उसे दोनों आरोपियों द्वारा और कई लोगों के साथ ठगी करने की जानकारी मिली।

एक एक कर नकली जेवर गिरवी रख ले लिए पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिरगांव में ज्वेलरी शॉप के संचालकों से तीन अलग-अलग लोगों ने नकली सोने के जेवर गिरवी रख 3.90 लाख रुपए की ठगी की है। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। कारोबारी को ठगी की जानकारी सराफा कारोबारियों के वाट्सएप ग्रुप में मैसेज वायरल होने की बाद मिली। वैभव ज्वेलर्स के संचालक वैभव सोनी ने मनीष देवांगन, दामिनी सुमन तथा राजेश अग्रवाल के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि तीनों ने अगस्त से सितंबर के बीच अलग-अलग दिनों में आकर उनके पास नकली सोने के कंगन, अंगूठी सहित अन्य ज्वेलरी गिरवी रख पैसे ले गए। इस दौरान सोमवार को छत्तीसगढ सराफा वाट्सअप ग्रुप में एक मैसेज ⏭शेष पेज 13 पर

- नकली सोने के जेवर गिरवी रख सराफा कारोबारी से 3.90 लाख रुपए की ठगी

चंदनीडीह यूनियन बैंक में सेंधमारी, स्ट्रांग रूम, कैश वाल्ट तोड़ रकम चुराने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र के टाटीबंध, चंदनीडीह स्थित यूनियन बैंक की शाखा में अज्ञात बदमाशों ने सेंधमारी कर स्ट्रांग रूम तथा कैश वाल्ट को तोड़ रकम चुराने की कोशिश की। घटना सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात की है। चोर बैंक में सेंधमारी करने के साथ ही बैंक में लगे शटर का ताला भी तोड़ दिए हैं। इसके अलावा बैंक के मॉनिटर सहित अन्य उपकरणों में तोड़फोड़ की है। वारदात के तरीका को देखते हुए पुलिस घटना में स्थानीय बदमाशों के हाथ होने की आशंका व्यक्त की है। बैंक मैनेजर गणेश कुमार मिश्रा ने बैंक में तोड़फोड़ तथा चोरी करने की कोशिश करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पांच अक्टूबर की शाम करीब सात बजे दैनिक कामकाज पूरा होने के बाद बैंक बंद कर दिया गया था। छह अक्टूबर की सुबह ⏭शेष पेज 13 पर

- बैंक का सीसीटीवी खराब, पुलिस को मिली धुंधली फूटेज

स्थानीय बदमाशों पर शंका

बैंक में चोरी तथा सेंधमारी की घटना में किसी बाहरी गिरोह के बजाय स्थानीय बदमाशों के शामिल होने की पुलिस ने आशंका जताई है। इसका कारण बताते हुए पुलिस ने बताया है कि प्रोफेसनल गिरोह बैंक में चोरी करने घुसता तो सबसे पहले बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों के कनेक्शन काटता इसके साथ ही डीवीआर को अपने कब्जे में लेता। साथ ही सायरन न बजे इसके लिए बैंक के पॉवर कट करता।

स्ट्रांग रूम घुसने की कोशिश नाकाम

मौके पर पहुंचकर बैंक मैनेजर ने घटना स्थल का जायाजा लिया तो उन्होंने पाया का चोर बैंक के खिड़की का शीशा तोड़ दिया था। चेकबुक ड्रॉप बाक्स और टेबल की दराज को नुकसान पहुंचाया गया था। बैंक का कंप्यूटर स्क्रीन और मानिटर भी क्षतिग्रस्त मिला। सबसे महत्वपूर्ण बात यह सामने आई कि कैश वाल्ट और स्ट्रांग रूम के लाक को भी तोड़कर खोलने का प्रयास किया गया था, जिसमें वो सफल नहीं हो पाया। बैंक प्रबंधन ने पुलिस को बताया है कि शाखा में रखी नकदी, अभिलेख, ⏭शेष पेज 13 पर

बालोद तेजाब कांड : डीके हास्पिटल में चल रहा मनचलों की शिकार युवती का इलाज

स्कार्फ ने बचाया चेहरा, लेकिन दाहिना आंख संकट में, गालों पर डीप बर्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लाइब्रेरी से लौट रही युवती का चेहरा बहुत हद तक बांधे स्कार्फ की वजह से बच गया। मनचलों ने जो तेजाब उस पर फेंका वह दाहिने आंख में घुस गया, जिससे रोशनी जाने का खतरा है। तेजाब की कुछ बूंदें उसके गालों पर पड़ी जो डीप बर्न का कारण बन गया है। गंभीर रूप से झुलसी युवती का इलाज डीके हास्पिटल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में चल रहा है। युवती की गंभीर स्थिति के कारण नेत्र रोग, मेडिसिन सहित अन्य विभागों के विशेषज्ञों भी निगरानी कर रहे हैं। बालोद में तीन दिन पहले पढ़ाई कर लौट रही 22 साल की युवती पर दो बदमाशों ने तेजाब फेंक दिया था। घटना के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर ली है। मगर इस घटना के बाद डरी-सहमी युवती का गंभीर हालत में डीके हास्पिटल में इलाज चल रहा है। विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डाक्टरों के साथ आला अधिकारी भी इसके इलाज की प्रक्रिया पर नजर रखे हुए हैं।

हरिभूमि फॉलोअप



नेत्र विशेषज्ञों की टीम कर रही निगरानी

बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.कृष्णानंद ध्रुव के मुताबिक, युवती की हालत स्थिर और लगभग दस फीसदी बर्न वाली स्थिति है। उसके गालों पर एक दो स्थानों पर एसिड पड़ने की वजह से डीप बर्न हुआ है मगर दाहिने आंख को ज्यादा नुकसान हुआ है। इलाज की प्रक्रिया पूरी होने और घाव ठीक होने के बाद जख्म को भरने के लिए प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। सूत्रों के मुताबिक एसिड की मात्रा दाहिने आंख में अधिक होने की वजह से विजन को खतरा हो सकता है इसे ध्यान रखते हुए नेत्र विशेषज्ञों की टीम बराबर उसकी निगरानी कर रहे है।

शादी से इंकार पर बौखलाया था आरोपी

मामले में पुलिस ने दो आरोपी यश कुमार सोनकर और करण कुंजाम को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि इसमें यश और एसिड अटैक की शिकार युवती की जान-पहचान डेढ़ साल पुरानी थी। युवक ने उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा था जिसमें इंकार मिलने पर वह बौखला गया और युवती को सबक सिखाने के लिए मौका तलाश रहा था। इसके लिए उसने अपने साथ करण के साथ मिलकर योजना बनाई। सप्ताहभर पहले उन्होंने दुर्ग जाकर तेजाब खरीदा और सोमवार को उसे पढ़ाई कर घर लौट रही युवती पर फेंक दिया।

खबर संक्षेप



टीचर ने अपने जन्मदिन पर दिया नेवता भोज

आरंग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चपरीद में अपने जन्म दिन पर मिडिल स्कूल की मैडम सरस्वती साहू ने सभी उपस्थित मिडिल स्कूल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चपरीद के बच्चों को नेवता भोज में स्वादिष्ट फल केला, मिठाई में बालूशाही परोसा गया, जिसे खाकर बच्चे बहुत आनंदित एवं प्रफुल्लित हुए। इस अवसर पर प्राचार्य जी आल्हा, सुनील मिश्रा, मिडिल स्कूल के प्रधान अध्यापक ईश्वर साहू एवं विद्यालय परिवार के समस्त स्टाफ मौजूद रहे। सभी ने सरस्वती साहू मैडम को उनके जन्म दिन पर बधाई एवं लंबी उम्र की शुभकामनाएँ दी। यह जानकारी नेमेश्वर साहू, शिक्षक शासकीय मिडिल स्कूल चपरीद ने दी।

शालेय कबड्डी का जया ध्रुव ने किया नेतृत्व

आरंग। दंतेवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-17 शालेय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में आरंग कबड्डी क्लब की खिलाड़ी जया ध्रुव ने रायपुर संभाग का नेतृत्व किया। आरंग युवा एवं खेल संगठन अध्यक्ष अमन साहू ने बताया कि जया का चयन उसके निरंतर अभ्यास और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ। जया की इस उपलब्धि पर आरंग युवा एवं खेल संगठन के संरक्षक योगेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष अमन साहू, सचिव मनीष सोनकर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आरंग कबड्डी क्लब से वरिष्ठ खिलाड़ी और सदस्य उपस्थित रहे।

तीन महीने से नेटवर्क ठप, ग्रामीण हलाकान

आरंग। ग्राम कुकरा में पिछले तीन महीने से मोबाइल नेटवर्क की समस्या ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। किसी को जरूरी फोन करना हो या ऑनलाइन काम निपटाना हो, नेटवर्क के लिए ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कमजोर कनेक्टिविटी के कारण कॉल बार-बार कटने और इंटरनेट नहीं चलने की शिकायत सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मोबाइल और इंटरनेट आज रोजमर्रा की जरूरत बन चुका है, लेकिन नेटवर्क की खराब स्थिति के कारण ऑनलाइन भुगतान, बैंकिंग, सरकारी योजनाओं से जुड़े काम, बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई और जरूरी सूचनाओं का आदान-प्रदान तक प्रभावित हो रहा है। आपात स्थिति में परिजनों या संबंधित लोगों से संपर्क करना भी मुश्किल हो जाता है।

पंचायत सचिव साहू की सूझबूझ से सुरक्षित घर पहुंचीं विक्षिप्त महिला व 7 साल की बच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

इंसानियत और प्रशासनिक सतर्कता की एक अद्भुत मिसाल पेश करते हुए जनपद पंचायत धरसींवा के ग्राम पंचायत चरौदा में पदस्थ सचिव अमर चंद साहू की सूझबूझ और तत्परता से एक भटकती हुई मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला और उनकी 7 साल की मासूम बच्ची को सुरक्षित उनके परिवार तक पहुंचा दिया गया।

हरिभूमि सरोकार

घटना बीते शाम करीब 5:30 बजे की है, जब अमर चंद साहू कार्यवश तिरैया ओवरब्रिज के पास से गुजर रहे थे। यह इलाका सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है। वहां एक ढाबे के पास उन्हें एक महिला अपनी 7 साल की बच्ची के साथ काफी बदहवास और असहाय हालत में दिखी। परिस्थिति की गंभीरता और को भांपते हुए अमर साहू बिना देर किए तुरंत उनके पास पहुंचे और बेहद आत्मीयता से बच्ची से बातचीत शुरू की। पूछताछ के दौरान बच्ची ने बड़ी समझदारी दिखाई और बताया कि वह कक्षा दूसरी में पढ़ती है और उनका गांव बेंदरी (गुमा) है। महिला की मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण वे पिछले दो दिनों से अपने घर से लापता थीं और भटकते हुए इस इलाके तक पहुंच गई थीं। अमर साहू ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्ची के पास मौजूद आधार कार्ड के माध्यम से बेंदरी गांव के सचिव और सरपंच से संपर्क साधा। परिजनों और पहचान की पुष्टि होते ही उन्होंने बिना समय गंवाए 112 आपातकालीन सेवा को कॉल किया तथा धरसींवा थाना पुलिस को पूरे मामले की सूचना दी। 112 की टीम और धरसींवा थाना पुलिस के सहयोग से दोनों मां-बेटी (ललिता पाल और उनकी पुत्री) को पूरी सुरक्षा के साथ उनके गृह ग्राम बेंदरी सकुशल पहुंचा दिया गया। सचिव अमर साहू की इस तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया।

पुलिस ने की तारीफ, हर नागरिक करे कानून की मदद

साहू की सजगता और तत्परता सराहनीय

थाना प्रभारी राजेन्द्र दीवान ने कहा /"पंचायत सचिव अमर चंद साहू की सजगता और तत्परता अत्यंत सराहनीय है। सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर नागरिक की सहभागिता से मजबूत होती है। अमर जी की सूझबूझ और 112 की त्वरित कार्रवाई से एक मां-बेटी सकुशल अपने घर पहुंच सकीं और बड़ा हादसा टल गया। यह घटना साबित करती है कि यदि नागरिक और प्रशासन मिलकर काम करें, तो हर असहाय व्यक्ति को समय पर सुरक्षा और न्याय मिल सकता है।

समाज के प्रति सेवा भाव ही राष्ट्र भक्ति : शुक्ला

कूंरा। 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत हाई स्कूल जारोड़ा में 'सेवा मेरा योगदान' तथा 'राष्ट्र भक्ति रंगोली' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और राष्ट्र भक्ति का प्रदर्शन रंगोली बनाकर और देशभक्ति गीत गाकर किया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) अंजय शुक्ला उपस्थित रहे। शुक्ला ने कार्यक्रम में भागीदारी कर रहे छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उपस्थित ग्रामीणों तथा गणमान्य नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज के प्रति सेवा भाव होने के लिए किसी भी व्यक्ति में राष्ट्र भक्ति एक अनिवार्य तत्व है। कार्यक्रम में जिला संयोजक सुनील शर्मा जी, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री अजीत वर्मा जी, सरपंच प्रेम लाल वर्मा, सोसायटी मंडी समिति अध्यक्ष रामखिलावन वर्मा, एस. एम. सी. अध्यक्ष नंद कुमार वर्मा, शिक्षक सहित समस्त छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया।

तुलसी के आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में सजाई पोषण थाली, हुईं प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस एवं उनके 25 वर्षों की अनवरत राष्ट्रसेवा के उपलक्ष्य में देशभर में मनाए जा रहे 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना आरंग के सेक्टर सेमरिया अंतर्गत ग्राम तुलसी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार आयोजित इस सेवा पखवाड़े में स्वच्छता, पोषण जागरूकता एवं आंगनबाड़ी सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र को आकर्षक रंगोली, गुब्बारों एवं पोषण थाली प्रदर्शनी से सजाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक स्वागत गीत एवं कविता पाठ प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कोदो, रागी, विभिन्न भाजियां एवं दाल जैसे स्थानीय पौष्टिक व्यंजनों की विशेष प्रदर्शनी लगाई गई तथा उपस्थित महिलाओं को संतुलित आहार एवं सुपोषण के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सुपोषित बच्चों, उनकी माताओं एवं गांव की मितानिन दीदियों को सम्मानित किया गया। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर को श्रीफल एवं शाल भेंट कर उनके उत्कृष्ट कार्यों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया। बच्चों को शिक्षा एवं रचनात्मक गतिविधियों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें खिलौने भी भेंट किए गए। कार्यक्रम की सफलता में सुपरवाइजर प्रमिला, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता वैष्णव, दुर्गा पाण्डेय, श्यामा साहू, लिलेश्वरी, गोदावरी कमल, भानुमति साहू सहित सेमरिया सेक्टर की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत आरंग अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, जिला पंचायत सदस्य तारणी चंद्राकर, जनपद सभापति लुकेश साहू, सरपंच गिरधर साहू, उपसरपंच टिकलेज मार्कण्डेय, ग्राम सभा अध्यक्ष बलराम साहू, घना राम साहू, पंच नरेंद्र साहू, पंच प्रीतम सेन, आनंद वैष्णव, महेंद्र साहू, प्रधान पाठक गणपत साहू, मितानिन मोंगरा साहू, सावित्री साहू सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं हितग्राही माताएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन खिलेश्वरी साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम ने पोषण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं आंगनबाड़ी सेवाओं के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सेवा एवं सम्मान की भावना को भी मजबूत किया।



विधायक ने बांटे पट्टा चेक व किट सामग्री

अभनपुर। विधानसभा स्तरीय सेवा संकल्प' अभियान के तहत अभनपुर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विधायक इंद्रकुमार साहू ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को पट्टा, चेक, सामग्री किट, प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृति पत्र सहित अन्य हितलाभ वितरित किए।इस दौरान विधायक साहू ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन और नागरिकों को मिल रही सेवाओं की जानकारी ली। इस अवसर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार का मूल मंत्र सेवा संकल्प है। शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सहज तरीके से पहुंचे।

सेवा संकल्प अभियान में 300 पौधों का रोपण



आरंग। बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत सरपंच देवशरण धीवर, ग्राम पंचायत चरौदा के नेतृत्व में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में वृहद रूप से पौधारोपण किया गया। इसमें अशोक, बादाम, जाम, करंज, अमरूद, कटहल, बांस सहित विभिन्न प्रजातियों के 300 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सीआरपीएफ कैंप भिलाई के जवान, पंच, स्कूली बच्चे, शिक्षक-शिक्षिका, महिला संगठन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, रोजगार सहायिका सहित ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए सरपंच देवशरण धीवर ने कोविड काल का जिक्र करते हुए कहा कि कोविड-19 हम सबको सबक देकर गया है। पौधारोपण और उनका संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने चरौदा को हरा-भरा बनाने के लिए सभी नागरिकों और बच्चों से अपील की। साथ ही सीआरपीएफ का आभार जताया।

कांग्रेस प्रभारी सांसद भगत का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



अभनपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी एवं लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के रायपुर से जगदलपुर प्रवास के दौरान प्रथम अभनपुर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। हनुमान चौक सिग्नल के पास पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक धनेंद्र साहू तथा रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ फूल-मालाओं से दोनों नेताओं का भव्य स्वागत किया। अभनपुर में हुए इस स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सांसद सुखदेव भगत ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पीसीसी सचिव प्रवीण साहू, जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, प्रदेश पदाधिकारी ब्रह्मानंद ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी, गिरधारी साहू, रामा यादव, महिला अध्यक्ष नीमा नरेंद्र निंबेकर, किरण साहू, पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र साहू, दिनेश अंबिलकर, राजेश साहू, इंदरमन पण्डेल, सेवक पटेल, पार्षद नीलकमल गिलहरे, बीरेंद्र सिन्हा, दीक्षा राठी, पार्थ वैष्णव, गंगा हिम्मत कौर, सुनील कौशल, जीत सिंग, राजा चावला, राकेश सोनकर सहित अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शारदीय नवरात्रि की तैयारी जोरों पर मंदिर व मंडपों की शानदार सजावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



शारदीय नवरात्रि में अब महज तीन दिन शेष हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना को लेकर गांवों में तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। दुर्गोत्सव समितियों ने पंडालों को आकार देना शुरू कर दिया है। कहीं मंडप की नींव तैयार हो रही है तो कहीं आकर्षक सजावट और विद्युत रोशनी की तैयारी चल रही है। नवरात्रि के आगमन से पहले ही गांवों में उत्सव का रंग दिखाई देने लगा है। प्रतिमा स्थापना के लिए समितियों द्वारा स्थान तय करने के बाद मंडप निर्माण का काम तेजी से कराया जा रहा है।

दाल, चावल, खाद्य तेल व सब्जियों के दाम बेकाबू, महंगाई से जनता है बेहाल

आरंग। रोजमर्रा की जरूरत की खाद्य सामग्री के लगातार बढ़ते दामों ने आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। दाल, चावल, खाद्य तेल से लेकर सब्जियों तक के भाव में बढ़ोतरी से घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ रहा है। लोगों ने बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने के लिए बाजार में प्रभावी नियंत्रण और नियमित निगरानी की मांग की है। स्थानीय बाजार में सामान्य चावल करीब 50 रुपए किलो, मध्यम दाल 150 रुपए किलो और खाद्य तेल करीब 180 रुपए किलो तक बिक रहा है। वहीं फूलगोभी भाजी भी करीब 40 रुपए किलो में बिक रही है। आवश्यक खाद्य वस्तुओं के इन भावों ने आम परिवारों की रसोई का खर्च बढ़ा दिया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि आवश्यक वस्तुओं के दामों में अचानक बढ़ोतरी से सबसे ज्यादा असर सीमित आय वाले परिवारों पर पड़ता है।

आंगन मिलन सेवा में हुई अनेक स्पर्धाएं, विजेता पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, समर्पण एवं गरीब कल्याण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम खम्हरिया में भाजपा मंडल स्तरीय आंगन मिलन सेवा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैबिनेट मंत्री एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम में मातृशक्ति सम्मान के साथ बच्चों के पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य का संदेश दिया गया। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों का सम्मान किया। उन्होंने चंदखुरी में कुर्मी भवन के लिए 15 लाख, खम्हरिया में महिला भवन के लिए 5 लाख रुपए तथा प्राथमिक शाला परिसर में प्रार्थना शेड निर्माण की घोषणा की। नेवता भोज में मंत्री ने बच्चों को स्वयं भोजन परोसा और उनके साथ भोजन किया। उन्होंने बच्चों को पेन-कॉपी भी वितरित की। कार्यक्रम में रंगोली, मेहंदी, व्यंजन, गुब्बारा फोड़ो, कुर्सी दौड़ व जलेबी दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। विजेताओं को सम्मानित किया गया। पर्यवेक्षक ऋतु परिहार के नेतृत्व में दुर्गा स्वरूप की झांकी में विभागीय योजनाओं के माध्यम से कुपोषण के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नोनी सुरक्षा एवं सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक वितरण, दो स्वस्थ शिशुओं की माताओं का सम्मान, चार बच्चों का अन्नप्राशन एवं चार गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई गई।

सेवा संकल्प अभियान की तैयारी के खर्च पर कांग्रेस ने मांगा जवाब

सिलयारी/कूंरा । श्यामा चरण शुक्ला महाविद्यालय में प्रस्तावित 'सेवा संकल्प अभियान' की जोर-शोर से चल रही तैयारियों को लेकर कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भावेश बघेल ने सवाल उठाए हैं। भावेश बघेल ने कहा कि जनपद पंचायत धरसींवा के सीईओ के माध्यम से अभियान की तैयारियों और नेताओं की आवभगत में जो व्यवस्थाएं की जा रही हैं, उनके खर्च की राशि किस मद से जारी की जा रही है, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि इसमें सरकारी राशि का उपयोग हो रहा है, तो सरकार और संबंधित अधिकारियों को खर्च का पूरा विवरण सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ओर क्षेत्र में सड़कों की स्थिति खराब है, नालियों की समस्याएं बनी हुई हैं और बारिश के दौरान गांव-गांव में जलभराव की स्थिति देखने को मिल रही है। कई जगह ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। ऐसे समय में सरकार और प्रशासन को प्राथमिकता यह तय करनी चाहिए कि जनता की बुनियादी समस्याओं पर पैसा खर्च हो या राजनीतिक आयोजनों की तैयारियों और आवभगत पर। भावेश बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार से क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, नाली, जल निकासी और अन्य जरूरी कार्यों के लिए पर्याप्त राशि की मांग लगातार की जा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।

कैशलेस चिकित्सा योजना फाइलों में अटकी कर्मचारियों ने चलाया काली पट्टी अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों ने अपनी एक बड़ी लंबित मांग को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों और कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों ने 'काली पट्टी अभियान' के माध्यम से एक अनोखा और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। इस आंदोलन के तहत राज्य के लाखों अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर दफ्तरों में काम किया और सरकार का ध्यान अपनी ओर खींचा। शासकीय सेवकों की मुख्य मांग है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूर्व में घोषित की गई कैशलेस चिकित्सा योजना की नियमावली तुरंत जारी कर इसे धरातल पर पूर्ण रूप से लागू किया जाए। छत्तीसगढ़ कैशलेस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ की प्रदेश अध्यक्ष उषा चंद्राकर का कहना है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य के बजट में कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का औपचारिक ऐलान किया गया था।

- गंभीर बीमारियों के इलाज में कर्मचारियों को जेब से लाखों रुपये खर्च करना पड़ रहा

इस योजना के लिए बजट में करोड़ों रुपये का वित्तीय प्रावधान भी किया गया, जिससे प्रदेश के लगभग 5 लाख कर्मचारियों और उनके आश्रितों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जगी थी। लेकिन प्रशासनिक फाइलों और नियमों में देरी होने की वजह से योजना का वास्तविक क्रियान्वयन अटका हुआ है, जिससे गंभीर बीमारियों के इलाज में कर्मचारियों को आज भी जेब से लाखों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।

बंजारी वाले बाबा की शाही संदल शोभायात्रा बनी एकता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा



नगर में आपसी भाईचारे, मोहब्बत और कौमी एकता की एक ऐतिहासिक तस्वीर देखने को मिली, जब बंजारी वाले बाबा की भव्य शाही संदल शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम और अकीदत के साथ निकाली गई। यंग कमेटी धरसींवा के मुस्लिम समाज के युवाओं द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा में आस्था का ऐसा हुजूम उमड़ा कि पूरा धरसींवा नगर भक्ति, उत्साह और सौहार्द के रंगों में सराबोर हो गया।

हजरत सैयद शेर अली बाबा के 45वें पावन उर्स पाक के मुबारक मौके पर आयोजित इस भव्य शोभायात्रा में अकीदतमंदों का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। ढोल-ताशों की गूंज, संदल की भीनी-भीनी खुशबू और सूफियाना कलामों के बीच जब यह शाही संदल शोभायात्रा नगर भ्रमण पर निकली, तो पूरे रास्ते भर लोगों की भारी भीड़ जमा रही। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते समय जगह-जगह स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने यात्रा का फूलों के साथ आत्मीय स्वागत किया।

आस्था के सामने समाज को बांटने वाली हर ताकत कमजोर : अनिता

इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं पूर्व विधायक श्रीमती अनिता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि धरसींवा की यह पावन धरा हमेशा से ही आपसी सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल रही है। बंजारी वाले बाबा के उर्स में उमड़ा यह जनसैलाब इस बात का गवाह है कि प्रेम और आस्था के सामने समाज को बांटने वाली हर ताकत कमजोर पड़ जाती है। श्रीमती अनिता शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन हमारे समाज के ताने-बाने को मजबूत करते हैं। आयोजन में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बाबा ने दी सौहार्द्र की रोशनी : मो याकूब

हजरत सैयद शेर अली बंजारी वाले बाबा के 45वें पावन उर्स के मुबारक मौके पर विशाल जनसैलाब को संबोधित करते हुए यंग कमेटी के मोहम्मद याकूब ने कहा कि आज शाही संदल शोभायात्रा में उमड़ा यह अपार जनसमुद्र और हर मजहब के लोगों का एकजुट होना इस बात का गवाह है कि धरसींवा की गंगा-जमुनी तहजीब की जड़ें बेहद अटूट हैं।

इनकी रही महती भूमिका

श्री सुहैल अहमद, सिकन्दर,अयान, वारिश, रफीक मोहम्मद, मो याकूब, सोहेल खान, अमान खान,कैफ,अयान ,सोहैल, मोइन खान,इब्राहिम, व यंग कमेटी सिहित ग्रामवासियों की रही उपस्तिथि व सहयोग।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का नामांतरण आदेश क्रमांक 4989 दिनांक 18.09.2026 के द्वारा गातापार, अभनपुर में दीनदयाल आवास एल.आई. जी. भवन क्रमांक-410 को श्री अतुल मसीह पिता श्री अय्युब मसीह के नाम पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 21.07.2022 को विक्रय विलेख का निष्पादन करा लिया गया है। भवन का आधिपत्य आदेश को प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री अतुल मसीह पिता श्री अय्युब मसीह, निवासी अरविंद नगर टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती सरस्वती साहू पति श्री ताम्रध्वज साहू निवासी 286. दीनदयाल कॉलोनी, गातापार, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः गातापार, अभनपुर में दीनदयाल आवास एल.आई.जी. भवन क्रमांक - 410 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा प्रबंधक,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना,
विकास मंडल प्रक्षेत्र
नवा रायपुर अटल नगर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

ईंश्तहार

क्रमांक /..... अ-27/2025-26 रायपुर, दिनांक 05/10/2026
ग्राम टाटीबंध, प.ह.नं. 54, तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ. ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिकागण 01. नूरजहाँ बेगम पिता स्व. बशीर अली पति मोहम्मद खुर्शीद आलम निवासी-1037, सिद्धेवरी मार्ग, मस्जिद रोड कोटा थाना सरस्वती नगर 02 जैतून निशा पिता - स्व. बशीर अली पति-अशगरअली, निवासी- मं. क्र - 86, मं.क्र-86, ग्राम - चाँदपुर फतह पी.ओ. रजापाकड़, जिला - वैशाली (बिहार) रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा छ. ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम टाटीबंध, प.ह.नं. 54, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खाता क्रमांक - 902, खसरा नंबर 357/2 रकबा 0.1500 तथा 357/7 रकबा 0.1500 हे. कुल दो खसरा एवं कुल रकबा 0.3000 हें. भूमि आवेदिकागण तथा अनावेदकगण कासिम अली पिता - स्व. बशीर अली निवासी - इंडियन टायर्स, पिकाडली होटल के सामने, मोहबा बाजार, जी.ई रोड रायपुर (छ.ग.) के नाम संयुक्त खाते में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त भूमि पर आवेदिका क्र. 01 एवं 02 का हिस्सा 1/3 भूमि है। जिसके अनुसार आवेदिकागण द्वारा उपरोक्त निहित हिस्से के अनुसार उपरोक्त सम्पत्ति मे आवेदिकागण क्र. 01 एवं 02 को प्राप्त खसरा नंबर 357/2 रकबा 0.1500 हे. में से 0.0500 हैं एवं 0. 0500 हें. तथा खसरा नंबर 357/7 रकबा 0.1500 हे. में से रकबा 0.0500 हे. एवं 0.0500 हें. भूमि खाता विभाजन किये जाने का निवेदन किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा एवं शपथ पत्र सलंग्न किया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 27/10/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म में श्रीराम कंस्ट्रक्शन रायपुर में 1. आनंद निषाद पिता स्व. सालिक राम निषाद, फौजी चौक शिवानंद नगर खमतराई रायपुर एवं 2. रमाशंकर निषाद पिता स्व. सालिक राम निषाद संतोषी नगर खमतराई रायपुर उक्त फर्म का पार्टनर है। फर्म पार्टनर 1. आनंद निषाद पिता स्व. सालिक राम निषाद फौजी चौक शिवानंद नगर खमतराई रायपुर फर्म से अलग होना चाहता है। 3. योगेश निषाद पिता श्री आनंद निषाद, फौजी चौक शिवानंद नगर खमतराई, रायपुर फर्म में नया पार्टनर बन गया है। इस हेतु दिनांक 01.09.2026 को डीसालोशन निष्पादित किया जा चुका है। इस हेतु फर्म डीड दिनांक 01.09.2026 को निष्पादित की गई है।

श्री आनंद निषाद पिता स्व. सालिक राम निषाद पार्टनर फर्म से बाहर जा रहे हैं। अतः उनसे कोई लेन-देन व व्यवहार ना करे। अतः यह सूचना आम लोगों के लिए दी जा रही है।

दिनांक :- 07/10/2026

भवदीय
रमाशंकर



14 वर्ष पहले 15 लाख में खरीदी जमीन, बैगर सूचना दिए बुकिंग निरस्त, अब बिल्डर देगा 34 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने आबंटी के हितों की सुरक्षा से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रकरण में आदेश पारित करते हुए सेजबहार के प्रमोटर वत्सल्य डेवलपर्स को प्लॉट की बुकिंग के लिए आबंटी द्वारा जमा की गई राशि ब्याज सहित वापस करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण ने प्रमोटर को 15 लाख 9 हजार 300 रुपए की मूल राशि तथा 18 लाख 60 हजार 956 रुपये ब्याज सहित कुल 33 लाख 70 हजार 256 रुपये आबंटी को भुगतान करने का आदेश दिया है। प्रकरण के अनुसार आबंटी ने वर्ष 2012 में प्रमोटर के साथ अनुबंध कर एक आवासीय प्लॉट बुक किया था। अनुबंध की शर्तों के अनुसार आबंटी द्वारा वर्ष 2012 से 2015 के बीच प्लॉट के लिए कुल 15 लाख 9 हजार 300 रुपये की राशि प्रमोटर को अदा की गई थी। निर्धारित राशि का भुगतान किए जाने के बावजूद प्रमोटर द्वारा आबंटी को प्लॉट का कब्जा प्रदान नहीं किया गया।

हरिभूमि सरोकार

खास बातें

- वत्सल्य डेवलपर्स, सेजबहार का मामला
- चुकाने होंगे 15 .09 लाख रुपए मूल राशि के साथ 18 .61 लाख रुपए ब्याज



बगैर सूचना निरस्त की बुकिंग

प्रकरण में यह भी सामने आया कि प्रमोटर द्वारा आबंटी की बुकिंग बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दी गई थी। राशि का भुगतान करने के बाद भी प्लॉट का कब्जा नहीं मिलने और बुकिंग निरस्त किए जाने पर आबंटी ने अपने हितों की रक्षा तथा जमा राशि की वापसी के लिए रेरा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। प्राधिकरण ने प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजों एवं उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद आबंटी के पक्ष में आदेश पारित किया। इसके तहत प्रमोटर को आबंटी द्वारा जमा की गई 15 लाख 9 हजार 300 रुपये की मूल राशि के साथ 18 लाख 60 हजार 956 रुपये ब्याज का भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। इस प्रकार आबंटी को कुल 33 लाख 70 हजार 256 रुपये वापस किए जाएंगे।

बिना पंजीयन बिक्री, महागणपति डेव्हलपर्स पर 8 लाख जुर्माना

बिना रेरा पंजीयन प्लॉट का विक्रय किए जाने के एक दूसरे मामले में रायपुर महागणपति डेव्हलपर्स के विरुद्ध महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने विकासकर्ता पर 8 लाख रुपए का अर्थदंड लगाने के साथ ही संबंधित परियोजना को रेरा पंजीकृत कराने के निर्देश दिए हैं। महागणपति डेव्हलपर्स द्वारा एक प्लॉटेड ले-आउट परियोजना विकसित कर उसके अंतर्गत भूखंडों का विक्रय किया जा रहा था। परियोजना का रेरा में पंजीयन नहीं कराया गया था। रेरा ने मामले को स्वतः संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की है।

खबर संक्षेप



सर्विस बदहाल, उपभोक्ता परेशान : कन्हैया

रायपुर। रायपुर सहित छत्तीसगढ़ भर में ओला इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बदहाल सर्विस, बिना रजिस्ट्रेशन चालान कटने और साल-भर से अटकी सब्सिडी को लेकर उपभोक्ताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ओला के इलेक्ट्रिकल वाहनों की बिक्री पर समस्या के निदान होने तक रोक लगाने की मांग को लेकर शीघ्र परिवहन आयुक्त और परिवहन मंत्री से भेंट की जाएगी। सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में पीड़ितों ने ओला शोरूम पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। श्री अग्रवाल ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में ओला की कार्यप्रणाली को लेकर कानूनी और प्रशासनिक स्तर पर कड़े कदम उठाए गए हैं, उसी तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी समस्या निराकरण होने तक ओला वाहनों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में सैफ रशीद , शरद गुप्ता, विज्जु खेमानी, मलिक खान, राजेश त्रिवेदी,अजहरुद्दीन, राज ,धनेश साहू शामिल थे।

सीजीएनआरसी मान्यता की पहली सूची जारी

रायपुर। नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने मान्यता प्राप्त कालेज की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में 79 कालेजों को शामिल किया गया है। कालेजों को मान्यता विभिन्न कमियां दूर करने की शर्तों पर दिया गया है। संभावना है कि दूसरी सूची एक दो दिन में जारी की जा सकती है। सीजीएनआरसी ने अगस्त महीने में इन कालेजों का निरीक्षण किया था। लंबे समय से लिस्ट जारी नहीं होने की वजह से काम काज पर सवाल खड़े किए जा रहे थे।

पिंटू बने युवा धोबी समाज के प्रदेश महामंत्री

रायपुर। कचना खंम्हारडीह निवासी ठाकुर राम उर्फ पिंटू निर्मलकर को युवा धोबी समाज के



प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार ने प्रदेश महामंत्री एवं बलौदा बाजार जिला के संगठन प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के निर्देशानुसार रायपुर जिला के संगठन प्रभारी रामायण रजक के अनुशंसा पर की गई है।

नगरीय निकायों को मिलेगी राहत, सरकार का फैसला

शहर में गांव हुए शामिल तो आबादी के हिसाब से मिलेगा प्रति व्यक्ति 2000 शहरीकरण अनुदान

- 16 वें वित्त आयोग की पहल है पेरी अर्बन गांवों को शहर में मिलाने की
- योजना के लिए सरकार ने बनाई उच्च स्तरीय समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के ऐसे गांव जो नगरीय निकायों के करीब हैं, लेकिन गांव ही हैं, अगर ये नगरीय निकायों में शामिल होते हैं तो जाहिर है ये शहर का हिस्सा बन जाएंगे। इस तरह का विलय करने वाले गांवों को प्रति व्यक्ति दो हजार रुपयों की दर से शहरीकरण प्रीमियम अनुदान मिलेगा। राज्य शासन के संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा राज्य में शहरीकरण की प्रक्रिया को और अधिक सुनियोजित तथा प्रभावी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा 16वें वित्त आयोग (2026-27 से 2030-31) के अंतर्गत जारी दिशा-निर्देशों के तहत अनुदान संरचना में शहरीकरण प्रीमियम घटक को शामिल किया गया है। इसी के क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तर पर एक विशेष विभागीय समिति का गठन किया गया है।

खास खबर

क्या है पूरी योजना और अनुदान का गणित?

इस नए घटक के तहत, राज्य के ऐसे नगरीय निकाय जिनकी आबादी 1 लाख या उससे अधिक है, यदि वे अपने समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों का सुनियोजित ढंग से अपने में विलय करते हैं, तो उन्हें विशेष वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस योजना के तहत नए शामिल किए जाने वाले क्षेत्र की वर्ष 2011 की जनगणना आबादी के आधार पर 2,000 रुपए प्रति व्यक्ति की दर से एकमुश्त (वन टाइम) क्षमता-निर्माण अनुदान प्रदान किया जाएगा।



समिति के मुख्य कार्य और दायित्व

कार्ययोजना का निर्माण- छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में 'शहरीकरण प्रीमियम घटक' को लागू करने के लिए एक विस्तृत रूपरेखा और कार्ययोजना तैयार करना-पात्र निकायों व गाँवों की पहचान- 1 लाख से अधिक आबादी वाले पात्र नगरीय निकायों और उनके आसपास के ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों का चिन्हांकन करना जिनका विलय प्रशासनिक और विकासात्मक दृष्टि से उचित हो। 16वें वित्त आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परिवर्तन नीति का प्रस्ताव तैयार करना, जिसके तहत पूर्ववर्ती ग्राम पंचायतों से नगरीय निकायों को आधिकारिक रिकॉर्ड, संपत्तियों और दायित्वों के सुचारू हस्तांतरण की प्रक्रिया तय की जाएगी। केंद्र सरकार से प्रीमियम अनुदान प्राप्त करने के लिए आवश्यक शर्तों (जैसे नए क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास, चरणबद्ध कर-आरोपण आदि) का 3 वर्षीय परिवर्तन प्लान तैयार करना और सभी अनिवार्य अनुपालनों को सुनिश्चित करना। इस योजना के लागू होने से शहरी क्षेत्रों के विस्तार के साथ-साथ परिधीय ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं का विकास और प्रशासनिक सुगमता तेजी से सुनिश्चित की जा सकेगी।

राज्य स्तरीय विभागीय समिति का गठन

योजना के सफल और पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है, जिसमें निम्नलिखित अधिकारी शामिल हैं। अध्यक्ष- अपर संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास। सदस्य- मुख्य अभियंता, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास। संयुक्त संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास। अधीक्षण अभियंता, राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा)। उप संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास (विविध शाखा)। सदस्य सचिवः कार्यपालन अभियंता, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास।

क्या है पेरी-अर्बन गांव

पैरी अर्बन गांव वे ग्रामीण इलाके होते हैं जो किसी बड़े शहर या नगरीय निकाय की सीमाओं के बिल्कुल पास (समीपवर्ती) स्थित होते हैं। ये क्षेत्र भौगोलिक रूप से तो गांव होते हैं, लेकिन इन पर शहर का प्रभाव साफ दिखाई देता है। यहाँ के लोग खेती के अलावा पास के शहर में नौकरी, व्यापार या मजदूरी पर ज्यादा निर्भर होते हैं। शहर के फैलाव के कारण धीरे-धीरे इन गांवों में आबादी तेजी से बढ़ने लगती है, कॉलोनियां और व्यावसायिक गतिविधियां विकसित होने लगती हैं। इन इलाकों में ग्रामीण पंचायतों की व्यवस्था के साथ-साथ शहरी जैसी समस्याएं (जैसे कचरा प्रबंधन, सीवर, भारी ट्रैफिक और पानी की किल्लत) उभरने लगती हैं, क्योंकि ये शहर की मुख्य सीमा से जुड़े होते हैं।

सांड पीड़ितों को मुआवजा सहित निशुल्क उपचार की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के डीडीनगर क्षेत्र में उत्पात मचाने वाले काले सांड के हमले से घायल प्रभावित परिवार के स्वास्थ्य का हाल जानने रायपुर पश्चिम क्षेत्र के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय बुधवार को उनके निवास स्थल पहुंचे। सांड के हमले से दर्जन भर लोग घायल हुए थे। इनमें एक बुजुर्ग , 11 महीने का बच्चा सहित गर्भवती महिला शामिल रही। पूर्व विधायक ने प्रभावितों को उचित मुआवजा देने और उनका निशुल्क इलाज कराने की मांग शासन से की है। उन्होंने कहा कि सांसद विधायक, महापौर और पार्षद भारतीय जनता पार्टी के हैं, लेकिन सब नदारत हैं। बीजेपी राज में लोगों के जान की कोई कीमत नहीं रह गई है एक तरफ शहर में आवारा मवेशियों के आतंक से जहां शहर सहमा हुआ है वहीं शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आम जनता अपनी जान हथेली पर लेकर सड़कों पर चलने को मजबूर है।

- 11 माह के नवजात, गर्भवती सहित बुजुर्ग को किया सांड ने जख्मी

अधिकारी बताएं-कितने पशुओं को हटाया

निगम प्रशासन की लचर व्यवस्था पर भी पूर्व विधायक ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा, मुख्य मार्ग हों या गली-मोहल्ले, जगह-जगह सड़कों पर बैठे पशु कभी भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। जिम्मेदार अधिकारी यह स्पष्ट करें कि अब तक कितने पशुओं को हटाया गया और समस्या के स्थायी समाधान के लिए क्या कार्रवाई की गई। कांग्रेस सरकार में गौठान इसीलिये बनाए गए थे ताकि गौ माता और मवेशियों को आहार मिल सके और उनका ईलाज हो सके लेकिन बीजेपी सरकार ने इसको बंद करके लोगों की जान को जोखिम में डाल दिया है। यह महज अव्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर सवाल है।

यह अभियान आरएसएस-भाजपा का एक प्रचारात्मक आयोजन बनकर रह गया

सेवा संकल्प अभियान भाजपा का फ्लॉप इवेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार के 'सेवा संकल्प अभियान' को सरकारी मशीनरी और संसाधनों के कथित दुरुपयोग का अभियान बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रांडिंग के लिए सरकारी धन खर्च किया जा रहा है और कर्मचारियों पर दबाव बनाकर कार्यक्रमों में भीड़ जुटाई जा रही है।

उन्होंने कहा, अगर यह वास्तव में सेवा अभियान है तो कर्मचारियों को कथित तौर पर दबाव में लाकर लोगों को कार्यक्रमों में बुलाने की जरूरत क्यों पड़ रही है। सेवा स्वेच्छा और जनभागीदारी से होती है, दबाव से नहीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार 'सेवा संकल्प' के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है



और यह अभियान आरएसएस-भाजपा का एक प्रचारात्मक आयोजन बनकर रह गया है।

प्रशासनिक तंत्र का राजनीतिक इस्तेमाल

उन्होंने दावा किया कि शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पटवारियों और पंचायत सचिवों को उनके नियमित कार्यों से हटाकर अभियान से जुड़े आयोजनों में लगाया जा रहा है। उन्होंने इसे प्रशासनिक तंत्र के कथित राजनीतिक इस्तेमाल का उदाहरण बताते हुए सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, प्रदेश में आम नागरिक बिजली, रोजगार, महंगाई और अन्य बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार का ध्यान प्रचार और आयोजन पर अधिक है।

अभियान में हो रहे खर्च सार्वजनिक करने की मांग

उन्होंने कहा, सरकारी कर्मचारियों और संसाधनों का इस्तेमाल जनता की समस्याओं के समाधान के लिए होना चाहिए, न कि किसी राजनीतिक छवि निर्माण के लिए। बैज ने कांग्रेस की ओर से सरकारी धन के कथित दुरुपयोग और कर्मचारियों पर दबाव बनाए जाने का विरोध करते हुए सरकार से अभियान में खर्च हो रहे सार्वजनिक धन और प्रशासनिक संसाधनों का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की।

बिरगांव निगम चुनाव से पहले मतदाता सूची होगी अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव नगर निगम चुनाव की तारीख की अभी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन संभवतः दिसंबर में प्रस्तावित चुनाव को लेकर स्थानीय निर्वाचन कार्यालय ने तैयारियां तेज कर दी है। इसके लिए बिरगांव



निगम क्षेत्र में रहने वाले मतदाताओं की सूची का प्रारंभिक एवं अंतिम प्रकाशन के लिए उसे अपडेट करने संबंधित अधिसूचना छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग जारी कर चुका है। इस कार्यक्रम के तहत मदताता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन से 23 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके लिए 30 अक्टूबर तक दावा-आपत्तियां भी मंगाई है। इसी प्रकार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर को किया जाएगा।

दो चरण में तैयारियां की जा रही

राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश के तहत बिरगांव नगर निगम चुनाव के लिए मतदाता सूची को अपडेट कर प्रकाशन के लिए दो चरण में निर्वाचक नामावली तैयार कराया जा रहा है। इसके तहत प्रथम चरण में 5 अक्टूबर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति करने से लेकर प्रारंभिक प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने के लिए कर्मचारियों का चयन एवं नियुक्ति कर दी गई है।इसके साथ ही चयन एवं नियुक्त किए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता सूची तैयार करने संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया है। इस चरण में प्रचलित परिसीमन के आधार पर रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदाता सूची का वार्डवार एवं भागवार मार्किंग किया जाएगा, जिसे साफ्टवेयर के माध्यम से दर्शित वार्ड के संबंधित भाग के अनुभाग में शिफ्ट किया जाना है।

बिजली कटौती और लो-वोल्टेज के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुरा क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण में देरी के विरोध में शहर जिला कांग्रेस ने चंगोराभाटा स्थित विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। माधवराव सप्रे वार्ड के सत्यम विहार, मिनी टॉकीज रोड, ढीमरपारा, निषादपारा, कुम्हारपारा, जोरापारा, विप्र नगर और विकास विहार के नागरिकों ने कांग्रेस नेताओं के साथ धरना दिया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर, केबल और इंसुलेटर में बार-बार खराबी के कारण क्षेत्र में घंटों बिजली गुल रहती है। कई बार रातभर बिजली बंद रहने और 10-12 घंटे बाद आपूर्ति बहाल होने की शिकायत भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने नए मीटर लगाने के नाम पर कथित अवैध वसूली, एक ही परिवार के कई सदस्यों की एक ही स्थान पर पदस्थापना तथा घटिया केबल, इंसुलेटर और ट्रांसफार्मर लगाए जाने के आरोप भी लगाए।



- लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

सुधार नहीं हुआ तो मुख्यालय घेरेंगे

मेनन ने प्रदर्शन के दौरान रायपुर संभाग विद्युत मंडल के कार्यपालक निर्देशक संजीव सिंह से फोन पर चर्चा कर क्षेत्र की विद्युत समस्या का समाधान नहीं कर पाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रायपुरा में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो विद्युत मंडल मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बिजली कटौती के लिए वर्तमान विद्युत व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का नामांतरण आदेश क्रमांक 4989 दिनांक 18.09.2026 के द्वारा गातापार, अभनपुर में दीनदयाल आवास एल.आई. जी. भवन क्रमांक-410 को श्री अतुल मसीह पिता श्री अय्युब मसीह के नाम पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 21.07.2022 को विक्रय विलेख का निष्पादन करा लिया गया है। भवन का आधिपत्य आदेश को प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री अतुल मसीह पिता श्री अय्युब मसीह, निवासी अरविंद नगर टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती सरस्वती साहू पति श्री ताम्रध्वज साहू निवासी 286. दीनदयाल कॉलोनी, गातापार, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः गातापार, अभनपुर में दीनदयाल आवास एल.आई.जी. भवन क्रमांक - 410 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा प्रबंधक,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना,
विकास मंडल प्रक्षेत्र
नवा रायपुर अटल नगर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

क्रमांक /..... अ-27/2025-26 रायपुर, दिनांक 05/10/2026
ग्राम टाटीबंध, प.ह.नं. 54, तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ. ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिकागण 01. नूरजहाँ बेगम पिता स्व. बशीर अली पति मोहम्मद खुर्शीद आलम निवासी-1037, सिद्धेवरी मार्ग, मस्जिद रोड कोटा थाना सरस्वती नगर 02 जैतून निशा पिता - स्व. बशीर अली पति-अशगरअली, निवासी- मं. क्र - 86, मं.क्र-86, ग्राम - चाँदपुर फतह पी.ओ. रजापाकड़, जिला - वैशाली (बिहार) रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा छ. ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम टाटीबंध, प.ह.नं. 54, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खाता क्रमांक - 902, खसरा नंबर 357/2 रकबा 0.1500 तथा 357/7 रकबा 0.1500 हे. कुल दो खसरा एवं कुल रकबा 0.3000 हें. भूमि आवेदिकागण तथा अनावेदकगण कासिम अली पिता - स्व. बशीर अली निवासी - इंडियन टायर्स, पिकाडली होटल के सामने, मोहबा बाजार, जी.ई रोड रायपुर (छ.ग.) के नाम संयुक्त खाते में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त भूमि पर आवेदिका क्र. 01 एवं 02 का हिस्सा 1/3 भूमि है। जिसके अनुसार आवेदिकागण द्वारा उपरोक्त निहित हिस्से के अनुसार उपरोक्त सम्पत्ति मे आवेदिकागण क्र. 01 एवं 02 को प्राप्त खसरा नंबर 357/2 रकबा 0.1500 हे. में से 0.0500 हैं एवं 0. 0500 हें. तथा खसरा नंबर 357/7 रकबा 0.1500 हे. में से रकबा 0.0500 हे. एवं 0.0500 हें. भूमि खाता विभाजन किये जाने का निवेदन किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा एवं शपथ पत्र सलंग्न किया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 27/10/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

इंटर्न डाक्टर से धक्कामुक्की, समझौता भी हो गया

रायपुर। आंबेडकर अस्पताल में सोनोग्राफी कराने आए मरीज और ड्यूटी इंटर्न डाक्टर के बीच बुधवार को धक्का-मुक्की भी हो गई। रेडियोडायग्नोसिस विभाग में इसके बाद काफी देर तक हंगामा मचा रहा। जांच व्यवस्था से नाराज वृद्ध मरीज ने महिला चिकित्सक से धक्कामुक्की कर दी। डाक्टरों ने इसकी शिकायत मौदहापारा थाने में की मगर कुछ देर बाद ही मरीज और उनके अटेंडरों ने मामले में खेद प्रकट किया जिसके बाद मामला शांत हो गया। जूनियर डाक्टरो एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि इस घटना की निंदा की जाती है। अस्पताल में चिकित्सक अथवा सुरक्षा कर्मियों के साथ बदसलूकी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म में श्रीराम कंस्ट्रक्शन रायपुर में 1. आनंद निषाद पिता स्व. सालिक राम निषाद, फौजी चौक शिवानंद नगर खमतराई रायपुर एवं 2. रमाशंकर निषाद पिता स्व. सालिक राम निषाद संतोषी नगर खमतराई रायपुर उक्त फर्म का पार्टनर है। फर्म पार्टनर 1. आनंद निषाद पिता स्व. सालिक राम निषाद फौजी चौक शिवानंद नगर खमतराई रायपुर फर्म से अलग होना चाहता है। 3. योगेश निषाद पिता श्री आनंद निषाद, फौजी चौक शिवानंद नगर खमतराई, रायपुर फर्म में नया पार्टनर बन गया है। इस हेतु दिनांक 01.09.2026 को डीसालोशन निष्पादित किया जा चुका है। इस हेतु फर्म डीड दिनांक 01.09.2026 को निष्पादित की गई है।

श्री आनंद निषाद पिता स्व. सालिक राम निषाद पार्टनर फर्म से बाहर जा रहे हैं। अतः उनसे कोई लेन-देन व व्यवहार ना करे। अतः यह सूचना आम लोगों के लिए दी जा रही है।

दिनांक :- 07/10/2026

भवदीय
रमाशंकर



स्वच्छता की ओर एक और कदम, 40 घंटे से ज्यादा सफर करने वाली 11 ट्रेनों की होगी विशेष निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ट्रेन यात्रियों को मूलभूत सुविधा और स्वच्छता के साथ यात्रा करने की सुविधा देने रेलवे ने एक और कदम उठाया है। इसमें 40 घंटे से ज्यादा समय तक यात्रा करने वाली 11 ट्रेनों की विशेष निगरानी की जाएगी। यात्रा के दौरान इन ट्रेनों में सफाई, बायो-टॉयलेट, कचरा संग्रहण, छोटी-मोटी मरम्मत और यात्री शिकायतों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि स्वच्छता बनी रहे।

रेलवे बोर्ड ट्रेनों में साफ-सफाई और लोगों को सहजतापूर्वक यात्रा की सुविधा देने का प्रयास कर रहा है। इसके तहत लंबी दूरी की ट्रेनों में स्वच्छता, रखरखाव और सेवा-योग्यता को मजबूत करने के लिए विशेष उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से उन ट्रेनों के लिए जो लंबे समय तक यात्रा के दौरान मार्ग में रहती हैं। इस पहल के तहत 40 घंटे से अधिक की यात्रा अवधि वाली 11 लंबी दूरी की ट्रेनों की गहन निगरानी के लिए पहचान की गई है। जिसमें पूरी यात्रा के दौरान स्वच्छता और यात्री सुविधाओं के रखरखाव पर विशेष जोर दिया गया है।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इन लंबी दूरी की ट्रेनों में हाउसकीपिंग, शौचालय, अपशिष्ट प्रबंधन और कोच की छोटी-मोटी सुविधाओं से संबंधित कमियों को यात्रा के दौरान तत्काल दूर किया जाना चाहिए। इसमें यात्रा के आरंभिक स्टेशन से गंतव्य स्टेशन तक लगातार स्वच्छता और सेवा-योग्यता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

मंडल रेल प्रबंधक अपने-अपने मंडलों में लंबी दूरी की ट्रेनों के प्रदर्शन की निगरानी करेंगे और इसकी जिम्मेदारी लेंगे, जिसमें यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

हाउसकीपिंग, वॉशरूम, अपशिष्ट प्रबंधन जैसी कमियों को तत्काल किया जाएगा दूर

स्वच्छता और यात्री शिकायतों की करीबी निगरानी

पहचान की गई ट्रेनों की यात्रा के दौरान स्वच्छता और रखरखाव के लिए उनके संबंधित ओनिंग डिपो द्वारा करीबी निगरानी की जाएगी। मेंटेनेंस सुपरवाइजर और कोचिंग डिपो अधिकारी चिन्हित ट्रेनों की जिम्मेदारी संभालेंगे। जोनल रेलवे स्तर पर अधिकारी साप्ताहिक आधार पर यात्री शिकायतों और उनके निवारण के साथ-साथ स्वच्छता की स्थिति की समीक्षा करेंगे। इस दौरान ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विसेज एजेंसियों के परफारमेंस की करीबी निगरानी की जाएगी।



बायो-टॉयलेट और अपशिष्ट प्रबंधन पर अधिक ध्यान

चिन्हित ट्रेनों में बायो-टॉयलेट की पूरी तरह से जांच की जाएगी और यात्रा के दौरान उनके प्रभावी एवं निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आरंभिक बेस डिपो के साथ-साथ चिन्हित यात्रा मार्ग के स्थानों पर भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। योजना के तहत सभी कोचों में प्रत्येक दो घंटे में कचरा संग्रहण का प्रावधान है, जिससे जनरल सीटिंग और जनरल सेकंड क्लास कोचों सहित किसी भी कोच से कचरा ट्रैक पर फेंके जाने से रोका जा सके।

चिन्हित मार्गों पर विशेष ध्यान

इन ट्रेनों के मार्ग में चिन्हित क्लीन ट्रेन स्टेशन पॉइंट्स पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। संबंधित मंडल इन स्थानों पर पर्याप्त जनशक्ति, उपभोग्य सामग्री और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। सीटीएस टीमों द्वारा किए गए कार्य की प्रभावशीलता की जिम्मेदारी संबंधित ओनिंग मंडल की होगी। इस पहल में यात्रा के दौरान छोटी-मोटी मरम्मत की भी व्यवस्था की गई है। कर्मचारियों को छोटी-मोटी मरम्मत करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

खबर संक्षेप

कराटे चैंपियनशिप में तृप्ति ने जीता गोल्ड पदक

रायपुर। महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 मिलाई में तीन दिवसीय 2 से 4 अक्टूबर तक 1st इंडो-नेपाल ओपन इंटरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन किया गया। इस कराटे चैम्पियनशिप में माना कैंप रायपुर निवासी तृप्ति सिंह ने सब-जूनियर कैटेगरी के काता में गोल्ड और कुमिते में सिल्वर पदक जीता। तृप्ति सिंह एमबी कराटे स्पोर्ट्स एकेडमी की खिलाड़ी हैं, जिनके कोच मनीष बाघ व बरुण बाघ ने उन्हें जीत की बधाई दी। इस प्रतियोगिता में भारत सहित नेपाल, भूटान और श्रीलंका के 1100 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।



चिरायु टीम की मदद से लौटी छात्र की आंखों की रोशनी

रायपुर। शासकीय प्राथमिक शाला धमनी, आरंग के कक्षा तीसरी के छात्र रेमन यादव को गिल्ली-डंडा खेलते समय आंख में चोट लग गई थी। चोट के कारण आंख लाल हो गई थी, जिस पर सहायक नेत्र अधिकारी नरेश साहू द्वारा प्रारंभिक उपचार किया गया और दो दिन बाद पुनः दिखाने की सलाह दी गई। दो दिन बाद जब बालक वापस आया तो वह गंभीर मोतियाबिंद से ग्रसित हो चुका था। नरेश साहू एवं चिरायु टीम की मदद से उसे आंबेडकर अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ को दिखाया गया। जांच एवं समस्त इन्वेस्टिगेशन के बाद सर्जरी की वेटिंग लिस्ट अधिक होने एवं बीमारी की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने चिरायु टीम-बी को निजी अस्पताल में जांच कराने के निर्देश दिए गए। बालक की निःशुल्क सर्जरी सफलतापूर्वक कराई गई। आंख की रोशनी वापस आने और अस्पताल से डिस्चार्ज होते समय माता-पिता के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। माता-पिता ने कहा कि अब उनका बच्चा पुनः स्कूल जा सकेगा। इस सर्जरी में बीएमओ डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत, चिरायु नोडल डॉ. श्वेता सोनवानी, डीपीएम मनीष कुमार मेजरवार, कंसल्टेंट डॉ. रंजना गायकवाड़, बीपीएम दीपक मीरे एवं टीम-बी के डॉ. अबरार आलम, डॉ. शोभा निषाद, फार्मासिस्ट दुमेन्द्र धुर्वे, एएनएम टिकेश्वरी साहू एवं एमएलटी मुकेश साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



ठेका भरोसे हो रहा काम, नगर निगम के पास ना दक्ष स्टाफ, ना एक्सपर्ट प्लानर

ये रायपुर निगम है... जर्जर भवन ढहाने ब्लास्टिंग एक्सपर्ट ही नहीं, सांड पकड़ने विशेषज्ञ गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम और देश के 100 चुनिंदा स्मार्ट शहर में शामिल रायपुर शहर में नगर निगम काम का पुराने ढर्रे पर चल रहा है। नगर निगम के बड़े व्यवसायिक परिसरों, बहुमंजिला ईमारतों और बाजारों में अग्निसुरक्षा व्यवस्था और इमरजेंसी रिस्पांस के लिए फायर व सेफ्टी एक्सपर्ट ही नहीं है। शहर में सीना ताने खड़े जर्जर व खतरनाक घोषित भवनों को बिना आसपास के नुकसान को सुरक्षित रूप से ढहाने के लिए नगर निगम के पास एक भी ब्लास्टिंग एक्सपर्ट नही है।

- शहर के बगीचों में डाला जा रहा केवल पानी, सुंदर-उपजाऊ बनाने कोई प्लानिंग नहीं

हैरानी की बात ये है शहर में आवारा मवेशियों से बढ़ते और उत्पात मचाते सांडों की धरपकड़ के लिए न तो प्रशिक्षित स्टाफ हैं न ही कोई एक्सपर्ट। पानी, सफाई और बिजली जैसे आम जनता से जुड़े तीन मूलभूत दैनिक सेवाओं में एक भी तकनीकि विशेषज्ञ नहीं होना सबसे बड़ी चिंता का विषय है। यही नहीं स्मार्ट शहर की स्मार्ट योजनाओं के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत शुरू की जाने वाली योजना बनाने रायपुर नगर निगम आज तक पीपीपी प्रोजेक्ट एक्सपर्ट नहीं ला पाया।

पाइप लाइन की मैपिंग नहीं : अभी तक पेयजल आपूर्ति प्रबंधन हाइटेक नहीं हो पाया। 70 वार्ड में पेयजल पाइप लाइन की न तो नगर निगम के पास कोई मैपिंग है, न ही इसके दक्ष जानकार। पेयजल आपूर्ति प्रबंधन केवल पाइप लाइन बिछाने का मामला नहीं है, बल्कि यह बड़े पैमाने पर इंजीनियरिंग और हाइड्रोनिक्स से जुड़ा है। इसके लिए शहर में स्कॉडा आटो एक्सपर्ट चाहिए, जो पूरे शहर के जल वितरण, नेटवर्क, मुख्य टंकियों और नगर निगम के पंप हाउसमें पानी के दबाव, फ्लो और लीकेज की रियल टाइम मानिटरिंग कर सके। दिक्कत ये है कि रायपुर नगर निगम में स्थायी तौर पर उच्च स्तरीय विषय विशेषज्ञों का कैडर बनाने की जगह कंसलटेंसी मॉडल, आउटसोर्सिंग और ठेका एजेंसियों पर निर्भरता ज्यादा है। इसके चलते दैनिक संचालन में खामी आने पर इन-हाउस एक्सपर्ट नहीं होने से व्यवस्था को पूरी तरह पटरी लाने में अत्यधिक समय लग जाता है।





एक्सपर्ट छोड़िए... सांड पकड़ने प्लानिंग ही नहीं

डीडी नगर में सांड के हमले ने पूरे शहर को डरा दिया। नगर निगम पूरे शहर भर में आवारा मवेशियों से लोगों को हो रही परेशानी के स्थायी निजात के लिए अब तक कोई ठोस प्लान नहीं बना सका है। न तो निगम के स्वास्थ्य विभाग के पास आवारा मवेशी, सांडों को पकड़ने प्रशिक्षित अमला है न ही इस कार्य के एक्सपर्ट। यही नहीं शहर के रिहाइसी इलाकों, बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों पर खूंखार स्ट्रीट डॉग से निजात दिलाने कोई ठोस प्लानिंग बन पाई। इसका खामियाजा शहर की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

नगर सैनिक सुधार रहे लाइट, प्लेसमेंट कर्मचारी के भरोसे बिजली

नगर निगम का विद्युत विभाग पूरी तरह ठेका भरोसे चल रहा है, न तो अमले में जानकार दक्ष इंजीनियर हैं, न पर्याप्त संख्या में लाइनमेन व विद्युत सहायक। स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था शहर में ठेके पर चल रही है। अनुबंधित एजेंसी से शहर की स्ट्रीट लाइटें संभल नहीं रही। नगर निगम ने प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से जो वैकल्पिक व्यवस्था बनाई उसका हाल ये है कि नगर सैनिक कहीं लाइट सुधार रहे कहीं दिहाड़ी मजदूर को लाइनमेन बनाकर काम कराया जा रहा है। इसकी भी मानिटरिंग नियमित रूप से नहीं होने से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त है हार्टिकल्चर एक्सपर्ट का पद

शहर को हरा-भरा बनाने निगम शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत हर साल लाखों रुपए पेड़ पौधे लगाने, ग्रीनरी बढ़ाने पर खर्च कर रहा है। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में नगरनिगम 174 विकसित, अर्धविकसित बगीचों की सुध लेकर उसे संवारने की योजना बनाने एक भी हार्टिकल्चर एक्सपर्ट निगम में नहीं हैं। इसके चलते शहर का गांधी उद्यान, अनुपम उद्यान, मोतीबाग, बूढ़ापारा का नीलाम उद्यान सहित अन्य बगीचों की दशा सुधर नहीं रही। जबकि रायपुर नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के पास पहले एक पूर्णकालिक हार्टिकल्चर एक्सपर्ट नियमित रूप से उपलब्ध था। सेवानिवृत्ति के बाद यह पद सालों से खाली पड़ा है।

अनुभवी टाउन प्लानर की जरूरत

रायपुर नगर निगम को शहर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ऐसे अनुभवी, सेवानिवृत्त विशेषज्ञों की अति आवश्यकता है जो टाउन प्लानर के रूप में शहर विकास की योजना बना सकें। इसकी जरूरत एक अरसे से महसूस की जा रही है, क्योंकि नगर निगम में अधिकारी एक निश्चित समय के लिए आते और जाते रहते हैं, इसके चलते शहर विकास की दूरगामी योजना नहीं बन पाती।

विशेषज्ञ की जरूरत

हमारे पास शहर के ही रहने वाले ऐसे अनुभवी विशेषज्ञ की जरूरत है ,इसके लिए वे राज्य शासन को भी अपनी भावनाओं से अवगत कराएंगी।

मीनल चौबे *महापौर रायपुर नगर निगम*

दक्षता का अभाव

नगर निगम के स्वास्थ्य, सफाई जैसे जनहित से जुड़े विषयों में प्रशासनिक ढांचा में कार्य करने में दक्ष एक्सपर्ट हमारे पास नहीं है। इससे कार्य गुणवत्ता के साथ सही दिशा में नहीं हो पा रहा। इसके लिए विषय के जानकार हमारे पास होने चाहिए तभी दीर्घकालिक योजनाएं बनेंगी और उसका आउटपुट भी सामने आएगा। -***आकाश तिवारी नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम***

जीनोमिक विज्ञान नवाचार और किसान केंद्रित अनुसंधान पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान का 14वां स्थापना दिवस समारोह बुधवार को संस्थान परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, किसानों, विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर संस्थान द्वारा तैयार विभिन्न वैज्ञानिक प्रकाशनों का विमोचन किया गया। इनमें प्राकृतिक खेती, आक्रामक कीट एवं रोग तथा विभिन्न व्यावहारिक मैनुअल प्रमुख रूप से शामिल थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व उपमहानिदेशक डॉ. टीआर शर्मा ने स्थापना दिवस व्याख्यान "जीनोमिक विज्ञान और जीन की खोज" विषय पर दिया। उन्होंने जीनोमिक विज्ञान एवं जीन खोज की विकास यात्रा को विस्तार से समझाते हुए चावल में ब्लास्ट रोग के संदर्भ में Pi54 जीन की खोज एवं उसके वैज्ञानिक उपयोग की यात्रा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. अनिल दीक्षित ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, आमंत्रित व्यक्तियों, किसानों, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं संस्थान के अधिकारियों-कर्मचारियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने संस्थान की अब तक की यात्रा तथा जैविक स्ट्रेस प्रबंधन के क्षेत्र में इसकी बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला।

- राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान का मनाया स्थापना दिवस समारोह

इसी दौरान निदेशक डॉ. पीके राय ने संस्थान की प्रगति, प्रमुख वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं विभिन्न गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बदलते कृषि परिदृश्य में कीट, रोग, खरपतवार एवं अन्य जैविक स्ट्रेस के प्रभावी प्रबंधन के लिए बहुविषयक अनुसंधान, नवाचार तथा किसान-केंद्रित तकनीकी विकास को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. गिरिश चंदेल, कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रो. पीयूष कांत पांडेय, कुलपति, एमिटी विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, रायपुर तथा डॉ. केपी. यादव, कुलपति, मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

पर्यावरणीय स्वास्थ्य विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

रायपुर। उभरते प्रदूषकों से निपटने, पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए एआई और अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी गुरुवार को विवि के स्मार्ट क्लास नवा रायपुर में आयोजित है। श्रीदावड़ा विश्वविद्यालय रायपुर के विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित संगोष्ठी में जल, मृदा, खाद्य पदार्थों और पारिस्थितिक तंत्रों में बढ़ते उभरते प्रदूषकों की चुनौतियों पर चर्चा होगी। इसमें शोधकर्ता, शिक्षाविद, वैज्ञानिक, विद्यार्थी, पर्यावरण विशेषज्ञ और उद्योग जगत के प्रतिनिधि प्रदूषकों की पहचान, निगरानी, उपचार, जोखिम आकलन और प्रबंधन से जुड़े नवीन शोध एवं तकनीकों पर विचार-विमर्श करेंगे।

बिजनेस साइट

आंजनेय सृजन 5.0 में प्रतिभा और खेल का महाकुंभ आज से



रायपुर। आंजनेय यूनिवर्सिटी और रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल टैलेंट हंट 'आंजनेय सृजन 5.0' का आयोजन 8 से 10 अक्टूबर तक होगा। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी निशुल्क भाग ले सकेंगे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को 3 लाख रुपए तक के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। तीन दिवसीय आयोजन में सांस्कृतिक, शैक्षणिक, तकनीकी और खेलकूद प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें बैंड, डांस, सिंगिंग, पेंटिंग, डिबेट, क्रिएटिव राइटिंग, कोडिंग, रोबो रेस, मॉडल मेकिंग और क्विज शामिल हैं। खेलों में क्रिकेट, बास्केटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, योग, वेटलिफ्टिंग और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। शिक्षक वर्ग के लिए 'टीचर बेस्ट प्रैक्टिस' प्रतियोगिता भी रखी गई है। चांसलर अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि सृजन 5.0 विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा को मंच देने की पहल है।

बुनकर क्राफ्ट की फेस्टिव सेल को मिल रहा शानदार रिस्पॉन्स

रायपुर। पंडरी क्लॉथ मार्केट स्थित बुनकर क्राफ्ट की ब्रैंड फेस्टिव सेल को ग्राहकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। त्योहारी खरीदारी के लिए शहर के विभिन्न इलाकों से लोग स्टोर पहुंच रहे हैं। सेल में कोसा सिल्क की साड़ियों के साथ सूट, दुपट्टे और हैंडलूम फैब्रिक्स की अलग-अलग रेंज उपलब्ध कराई गई है। फेस्टिव कलेक्शन में पारंपरिक बुनाई के साथ आधुनिक डिजाइन और रंगों को शामिल किया गया है। कोसा सिल्क की साड़ियों में पारंपरिक पैटर्न के साथ समकालीन डिजाइन ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। बदलते फैशन को देखते हुए इंडो-वेस्टर्न परिधानों को भी कलेक्शन में जगह दी गई है। बुनकर क्राफ्ट के डायरेक्टर शिल्पराज देवांगन ने बताया कि इस बार हस्तनिर्मित और पारंपरिक कपड़ों की मांग बढ़ी है। सेल के दौरान फेस्टिव वियर पर 30% तक की छूट दी जा रही है। ग्राहकों को पसंद के अनुसार परिधान चुनने में व्यक्तिगत सहायता भी दी जा रही है। रविवार को भी स्टोर खुला रहेगा।



देव वस्त्रम में भगवान के श्रृंगार के लिए आकर्षक पोशाकों की विविध रेंज

रायपुर। नवरात्रि सहित अन्य धार्मिक अवसरों पर देवी-देवताओं के आकर्षक श्रृंगार के लिए बैजनाथपारा स्थित देव वस्त्रम में विभिन्न प्रकार के खूबसूरत वस्त्र और श्रृंगार सामग्री उपलब्ध हैं। इस प्रतिष्ठान में विभिन्न देवी-देवताओं के लिए आकर्षक पोशाकों की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है। देव वस्त्रम के संचालक ने बताया कि यहां केवल भगवान की पोशाक ही नहीं, बल्कि उनके श्रृंगार को खास और आकर्षक बनाने के लिए नए-नए आइडिया भी मिलते हैं। पोशाकों की विविधता और कीमतों का बेहतर मेल ग्राहकों को पसंद आ रहा है। प्रत्येक डिजाइन को अलग अंदाज में तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि, दीपावली और अन्य धार्मिक अवसरों पर भगवान के श्रृंगार के लिए विशेष पोशाकों की मांग बढ़ जाती है। यहां ग्राहकों को पसंद के अनुसार पोशाक चुनने में मार्गदर्शन भी दिया जाता है।



कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी में जीएसटी और भारतीय अर्थव्यवस्था पर विशेष व्याख्यान

रायपुर। कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट की ओर से बुधवार को 'जीएसटी और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका असर' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें बीबीए और बी.कॉम के 70 से अधिक विद्यार्थियों और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता विवेकानंद मानव उत्कृष्टता संस्थान, रायपुर के सहायक प्रोफेसर एवं कराधान विशेषज्ञ एम. आदि शेषय्या ने जीएसटी की कार्यप्रणाली, विभिन्न कर स्लैब और सीजीएसटी, एसजीएसटी, आईजीएसटी व यूटीजीएसटी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2017 को लागू जीएसटी ने कई अप्रत्यक्ष करों को एकीकृत कर 'एक राष्ट्र, एक कर' की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव किया। व्याख्यान में जीएसटी के कारोबार, लॉजिस्टिक्स और अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के साथ छोटे व्यवसायों के अनुपालन से जुड़ी चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। विद्यार्थियों ने स्टार्टअप, ई-कॉमर्स और जीएसटी से जुड़े करियर अवसरों पर सवाल पूछे। कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष अपूर्व जडेजा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



जामवाल से मिले भाजपाई...



रायपुर। मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर का दर्शन करने के बाद छत्तीसगढ़ भाजपा के पदाधिकारी महाराष्ट्र के प्रदेश महामंत्री संगठन अजय जामवाल से मुलाकात करने प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर सत्कार प्रभारी आकाश विग, प्रदेश भाजपा के सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी, धमतरी नगर निगम महापौर रामू रोहरा, भिलाई नगर निगम पार्षद दया सिंह, बसना विधायक संपत अग्रवाल, बस्तर संभाग भाजपा संगठन सह प्रभारी हरपाल भामरा मौजूद रहे।

बुजुर्गों के लिए डे केयर सेंटर खोलने सांसद बृजमोहन ने दिया सुझाव

रायपुर। सांसद एवं छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को परिषद की राज्य कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में संस्था के आय-व्यय, आगामी योजनाओं, बजट और संचालित बाल देखरेख गृहों की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि बाल कल्याण परिषद केवल एक संस्था नहीं, बल्कि विशेष व जरूरतमंद बच्चों को सुरक्षित भविष्य और सम्मानजनक जीवन देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने संस्थाओं में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं, शिक्षा और पुनर्वास कार्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने परिषद को सामाजिक सरोकारों का दायरा बढ़ाते हुए वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए एक सर्वसुविधायुक्त 'डे-केयर सेंटर' शुरू करने का सुझाव भी दिया। बैठक में तय एजेंडे के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 की ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन किया गया तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुमानित बजट को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।



बैठक में ये रहे उपस्थित : बैठक में महासचिव चंद्रेश शाह, संयुक्त सचिव राजेन्द्र कुमार निगम, परिषद की उपाध्यक्ष डॉ. कमल वर्मा, कोषाध्यक्ष इंदिरा जैन, संयुक्त सचिव प्रकाश अग्रवाल, भूपेंद्र कोटडिया, महासमुंद से कार्यकारिणी सदस्य विश्वनाथ पाणिग्रही, हर्षा जोशी, सुनीता चंसोरिया, हरजीत जुनेजा, संगीता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष ...

6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग...

तक गाड़ियां तब तक खड़ी रहती है, जब तक बुकिंग नहीं होती है। ट्रैवल्स कंपनियों की इन गाड़ियों के कारण कलेक्टोरेट परिसर सहित आसपास के इलाके में काम से पहुंचने वाले आम लोगों को हर रोज अपनी वाहन पार्क करने में न केवल परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं जगह नहीं मिलने से बड़ी संख्या में लोग मल्टीलेवल के बाहर मुख्य सड़क पर ही वाहन पार्क करते हैं, जिससे इस मार्ग पर दिनभर ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है।

नो एंट्री के बाद बढ़ा दबाव : कलेक्टर के निर्देश पर कलेक्टोरेट परिसर में वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। कलेक्टर, अपर कलेक्टर सहित डिप्टी कलेक्टरों की गाड़ियों के अलावा अन्य किसी भी वाहन को कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर के इस निर्देश के बाद कलेक्टोरेट परिसर में वाहनों की बेतरतीब पार्किंग की व्यवस्था जरूर सुधर गई है, लेकिन इसका दबाव अब मल्टीलेवल में पड़ने लगा है। 6 लेयर मल्टीलेवल के ग्राउंड में दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था है। ग्राउंड लेयर में ही इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन बना हुआ है, जहां छोटी-बड़ी वाहन हर दिन चार्ज कराने पहुंचते है। इसी चार्जिंग स्टेशन के बगल और सामने में अरहन सहित अन्य ट्रैवल्स कंपनियों की बड़ी वाहनें 24 घंटे पार्क रहती है। इसके अलावा फर्स्ट एवं सेकंड लेयर में भी ट्रैवल्स कंपनियों की टैक्सी-कार आदि दिनभर खड़ी रहती है।

एक एक कर नकली जेवर गिरवी...

आया जिसमें नकली सोने के जेवर गिरवी रख ज्वेलरी कारोबारियों के साथ ठगी करने वाले कुछ लोगों के घूमने का उल्लेख था। इसके बाद कारोबारी ने रिफाइनरी पहुंचकर गिरवी जेवर की जांच कराने पहुंचा। जेवर नकली होने की पुष्टि होने के बाद कारोबारी ठगी की शिकायत कराने थाने पहुंचा।

चंदनीडीह यूनियन बैंक में...

करीब 9:30 बजे बैंक कर्मचारी दानिश खान शाखा खोलने पहुंचे। उन्होंने शाखा प्रमुख के केबिन के प्रवेश द्वार का ताला टूटा और शटर क्षतिग्रस्त देखा। इसकी सूचना तत्काल शाखा प्रबंधक को दी गई।

कैमरा से लेकर सायरन भगवान भरोसे : पुलिस ने घटना स्थल का जायाजा लिया तो बैंक में कई खामियां पाई, इसमें प्रमुख रूप से बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे हाई रिज्यूलेशन का नहीं था। इस कारण पुलिस को धुंधली फूटेज मिला। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम तथा कैश वाल्ट को तोड़ने की कोशिश करने के दौरान बैंक का सायरन का नहीं बजा। इससे साफ जाहिर होता है, बैंक प्रबंधन अपने तकनीकी उपकरणों के रख रखाव करने अनदेखी करता रहा है।

स्ट्रांग रूम घुसने की कोशिश...

दस्तावेज और अन्य परिसंपत्तियों का विस्तृत आकलन अभी किया जाना बाकी है। इसके बाद ही वास्तविक वित्तीय नुकसान और संपत्ति को हुई क्षति का पता चल सकेगा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज खंगाले जा रहे हैं। साथ ही बदमाश के बैंक में प्रवेश और बाहर निकलने के रास्ते की जानकारी जुटाई जा रही है।

सेवा, सुशासन व जनकल्याण को समर्पित पीएम, लाइट एंड साउंड शो में दिखी उनकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राजधानी के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 'नमो सेवा गाथा' लाइट एंड साउंड शो के जरिए प्रधानमंत्री मोदी के संघर्ष, सेवा और राष्ट्र निर्माण की यात्रा को प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे हुए हैं। करीब 13 वर्ष गुजरात के मुख्यमंत्री और 12 वर्ष से अधिक समय से प्रधानमंत्री के रूप में उनकी यात्रा सेवा, सुशासन, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की गाथा है।

खास खबर

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग को विकास की योजनाओं के केंद्र में रखा है। साय ने कहा, वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रदेशवासियों से विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में भागीदारी का आह्वान किया।

बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा, केंद्र सरकार और सुरक्षा बलों के प्रयासों से बस्तर में शांति और विकास का नया दौर शुरू हुआ है। उन्होंने किसानों के सशक्तीकरण, महतारी वंदन योजना, जनजातीय क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और रेल कनेक्टिविटी के विस्तार को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब 51 हजार करोड़ रुपए के रेल कार्य चल रहे हैं और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 32 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। साय ने अपने सिंगापुर दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि 15 बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश को लेकर रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि इन निवेशों से उद्योगों के साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष : सेवा के रंग, राष्ट्र के संग समारोह आयोजित



शामिल हुए मंत्री

सांसद बृजमोहन अग्रवाल और कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने भी प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन को लेकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। समारोह में विधायक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



केवाईसी के लिए जोन कार्यालयों में 15 तक शिविर

रायपुर। नगर निगम क्षेत्र के पेंशनरों की सुविधा के लिए आईडीबीआई बैंक की ओर से केवाईसी एवं री केवाईसी कराने विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में पेंशन हितग्राहियों के केवाईसी एव री केवाईसी से संबंधित कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही जोन कार्यालय द्वारा डीएलसी यानी डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट का सत्यापन भी किया जा रहा है, जिससे हितग्राहियों को एक ही स्थान पर आवश्यक बैंकिंग एवं पेंशन संबंधी सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके। पेंशन हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे शिविर में उपस्थित होकर अपना केवाईसी एवं री केवाईसी व डीएलसी सत्यापन संबंधी कार्य पूर्ण कराएं। इसके लिए संबंधि हितग्राही को अपने साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मोबाईल नंबर लेकर संबंधित जोन कार्यालय में 15 अक्टूबर तक लगाए जा रहे शिविर में उपस्थित होना होगा।

मृत बच्चे के परिजनों को 4 लाख की सहायता



रायपुर। अमलीडीह क्षेत्र में नाला में बहकर बालक की मौत हो गई थी। इस प्रकरण में जिला प्रशासन ने मृत बच्चे के परिजनों को आरबीसी 6(4) के प्रावधान के तहत 4 लाख रुपए की सहायता राशि दी। जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट राहत के तहत राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह इलाके के गांधीनगर में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के दौरान 4 वर्षीय काव्यांश साहू घर के बाहर खेलते समय नाला में गिर गया। उस समय नाला उफान पर था तथा बहाव बहुत तेज था। नाले में गिरते ही वह तेज बहाव में बह गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद मृत बच्चे के परिजनों ने आरबीसी 6(4) योजना के तहत सहायता राशि के लिए आवेदन लगाया था, जिसे स्वीकृति देते हुए चार लाख रुपए की सहायता राशि उन्हें सौंपी गई। विधायक मोतीलाल साहू एवं क्षेत्र प्रभारी नायब तहसीलदार ज्योति सिंह ने मृतक बालक के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की तथा बच्चे की मां किरण साहू को सहायता राशि का चेक सौंपा।

गोदड़ीवाले धाम में वर्सी महोत्सव 14 से, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी

रायपुर। देवपुरी स्थित पूज्य गोदड़ीवाला धाम में तीन दिवसीय 14 से 16 अक्टूबर तक संत बाबा हरदास राम साहेब का



35वां वर्सी महोत्सव मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद से व देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरा व जलगांव धाम के महंत साई देवीदास के सानिध्य में किया जाएगा। यह जानकारी दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, सतीश थोरानी पवन प्रीतवानी ने देते हुए बताया कि तीनों दिन अनेक कार्यक्रम होंगे, जैसे हवन साहेब, झंडावंदन, अखंड पाठसाहेब, अखंड धूनीसाहेब, भगवान झूलेलाल का बहराणा साहेब, मदाह साहेब, नितनेम आरतिया, सेवा सत्संग सिमरन, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस कार्यक्रम में देशभर से अनेक संत-महत्मा व कथावाचाक, भजन मंडलिया, गायक आएंगें। 14 अक्टूबर को हैदराबाद के मशहूर हॉस्पीटल एआईजी के सुप्रसिद्ध डॉ मोहन रामचंद्री, एमडी, डीएम द्वारा निशुल्क स्वास्थ शिविर लगाया जाएगा, जिसमें पेट, लिवर व आतों से संबंधित समस्याओ के लिए विशेष परामर्श व जांच की जाएगी। यह शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक लगाया जाएगा।

जोन कमिश्नर को पहले था 4 लाख तक वित्तीय पावर, नए कमिश्नर ने तय की 50 हजार लिमिट

पार्षद से लेकर जोन अध्यक्ष तक परेशान, टेंडर के बाद वर्कआर्डर अटका

नाली-सड़क सहित पाइप लाइन टूट-फूट के लिए पैसे नहीं, अब 50 हजार की लिमिट ने बढ़ाई मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के वार्ड में नाली, सड़क मरम्मत, पाइप लाइन टूटफूट, पेंचवर्क का काम करवाने में पार्षदों के पसीने छूट रहे हैं। संधारण मद में 4 लाख तक के कार्य की बनने वाली फाइल अब 50 हजार रुपए तक सिमट कर रह गई है, ऐसे में पिछले 6 माह से नगर निगम के दस जोनों में संधारण मद की फाइल बनना बंद है।

यही नहीं पूर्व में संधारण मद से जो कार्य स्वीकृत हुए उनके टेंडर होने के बाद वर्कआर्डर नहीं हो रहा है। हालत ये है कि जोन दफ्तर और निगम मुख्यालय में अलग-अलग जोन से मिली संधारण मद की सैकड़ों फाइलें धूल खाते पड़ी है। इधर नगर निगम मुख्यालय को संधारण मद में महज 3 करोड़ 78 लाख की मंजूरी मिली है, जो कि दस जोन के हिसाब से बेहद कम है। प्रति जोन हिसाब से मुश्किल से 30 लाख रुपए ही संधारण मद में मिल पाएंगे। इसे चलते वार्ड पार्षद से लेकर जोन अध्यक्ष तक परेशान हैं। जनता को एक तरफ उन्हें जवाब देना मुश्किल हो रहा है, वहीं पुराने स्वीकृत फाइल में टेंडर के बाद निर्धारित राशि नहीं होने से संबंधित ठेकेदारों का वर्कआर्डर अटक गया है।

हरिभूमि सरोकार

इधर, महापौर ने कहा- गंभीरता से विचार करे आयुक्त

महापौर मीनल चौबे ने स्वीकार किया है कि संधारण मद में मिलने वाली राशि बहुत कम है, जनप्रतिनिधियों को इससे कई तरह की व्यवहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, निगम आयुक्त संबित मिश्रा को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि इतनी कम राशि में वार्ड की जनता से जुड़े छोटे-छोटे कार्य कैसे हो पाएंगे। जनसंख्या के आधार संधारण मद की राशि मिलनी चाहिए। निगम आयुक्त का कहना है जिस डेट में उनके पास फाइल आती है, उसी डेट में वे हस्ताक्षर कर देते हैं, लेकिन उन्हें यह भी समझना होगा कि नगर निगम शहर की आम जनता की मूलभूत समस्या को दूर करने का काम प्रमुख से करता है। जब आयुक्त सब बात की मानिटरिंग मुख्यालय स्तर पर कर रहे हैं ,तो उन्हें पता होगा कि संधारण मद के छोटे-छोटे कार्य के लिए कितना खर्च आता है। 4 लाख तक की स्वीकृति का अधिकार किया जाए।

केस 1

सड़क का पेंचवर्क करवाने भी पैसे नहीं

ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद अजय कुमार साहू कहते हैं जोन कमिश्नर को केवल 50 हजार तक राशि स्वीकृति करने का पावर है, इतनी कम राशि में सड़क पेंचवर्क के छोटे-छोटे काम भी नहीं करा सकते। संधारण मद की 3 फाइलें निगम मुख्यालय में अटकी हुई है। पहले ऐसा नहीं था। डेढ़ साल से पुरानी फाइल पेंडिंग पड़ी है।



केस 2

पूर्व में कराए गए कार्यों का भी पेमेंट नहीं

स्वामी विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड पार्षद और जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा ने बताया कि पिछले 6 माह से संधारण के काम ठप पड़े हैं। जोन वाले कह रहे संधारण के फाइल नहीं बन रही, फंड ही नहीं है। सबसे बड़ी दिक्कत इस समय ये है कि पहले जो काम कराए उसका पेमेंट नहीं हो रहा। तीन माह में एक ठेकेदार की फाइल ही सरक पा रही। कहीं सड़क को दबाकर उठाना है, कहीं नाली की ढाल ठीक करानी है, बारिश में जो गड्ढा बन गया उसका पेंचवर्क कराना जरूरी है, लेकिन हम चाहकर भी छोटा सा काम नहीं करवा पा रहे हैं। मेरे ही वार्ड में संधारण मद की 5 से 6 फाइल महीनों से अटकी पड़ी है।

केस 3

पार्षद नहीं बना रहे फाइल

महात्मा गांधी वार्ड पार्षद और जोन 3 के जोन अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू का कहना है कि जब से निगम आयुक्त ने जोन कमिश्नरों के वित्तीय पावर को 4 लाख रुपए से घटाकर 50 हजार कर किया तब से संधारण मद में हम पार्षदों ने कोई फाइल बनवाकर नहीं दे रहे। वार्ड की गलियों में छोटी-छोटी नालियों के टूटफूट, जर्जर सड़कों की मरम्मत, पेंचवर्क का काम महीनों से लंबित पड़े हैं। किसी जोन का 1 से 1.50 करोड़ तो किसी जोन का 2.50 करोड़ तक संधारण मद के फाइल को अटका दिया गया है। प्रत्येक जोन में हर तीन माह मे औसतन 25 लाख की राशि ही संधारण मद में मिलती है, जो बहुत कम है, इतनी राशि से तो एक छोटा सा काम भी नहीं करा सकते।



केस 4

जोन 6 दफ्तर में संधारण की 40 फाइलें डंप

नगर निगम जोन 6 कमिश्नरी करीबन 40 फाइलें डंप पड़ी है। जोन कमिश्नर का कहना है कि हमारे पास केवल 50 हजार तक के कार्यों की आर्थिक स्वीकृति का अधिकार है। इस वजह से अलग-अलग वार्ड से आई संधारण मद की 40 फाइलें अटकी है, फंड नहीं होने से इसकी स्वीकृति नहीं दे पा रहे। पुराने कार्यों का भुगतान भी करना है, इस स्थिति को देखते हुए नई फाइलें बहुत कम बन रही है।

केस 5

ऑनलाइन अनिवार्यता ने बढ़ाई परेशानी

नगर निगम जोन 2 अध्यक्ष और रमणमंदिर वार्ड पार्षद सूर्यकांत राठौर ने कहा, हर चीज के लिए निगम मुख्यालय से ऑनलाइन अनुमति लेने की अनिवार्यता ने एक नई समस्या खड़ी कर दी है। अपनी परेशानी से हमने अवगत कराया है। अब संधारण मद में जो भी राशि मिलेगी उसी में काम निपटाना है।

मुंबई में पॉवर ब्लॉक, छग से गुजरने वाली ट्रेनें 7 घंटे देर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुंबई रेल मंडल में लिए जाने वाले पॉवर ब्लॉक की वजह से छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों का संचालन विलंब से किया जाएगा। 14 से 22 अक्टूबर के बीच ट्रेनें 2 से 7 घंटे तक प्रभावित रहेंगी। इस दौरान गीताजंलि एक्सप्रेस का रास्ता भी बदलेगा। ट्रेनों के विलंब होने के कारण यात्रियों को सफर करने में दिक्कत उठानी पड़ेगी। रेलवे के जानकारों के मुताबिक मध्य रेलवे मुंबई मंडल के कल्याण–इगतपुरी रेलखंड के कसारा यार्ड में आसनगांव–कसारा तीसरी लाइन परियोजना तथा इगतपुरी साइड आरएंडडी एक्सटेंशन अप यार्ड में आवश्यक बुनियादी ढांचा एवं तकनीकी कार्यों के कारण विशेष ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

■ 14 से 22 अक्टूबर तक होगा असर, गीताजंलि का रास्ता बदलेगा

ये गाड़ियां होंगी विलंब

इसकी वजह से 16 अक्टूबर को हावड़ा से सीएसएमटी जाने वाली गीतांजली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। इसके अलावा 14 अक्टूबर को सीएसएमटी से रवाना होने वाली 1हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस 1.35 घंटे तथा दूसरे 7.05 मिनट देरी से रवाना होगी। 17 अक्टूबर को एलटीटी-शालीमार 3.45 घंटे, सीएसएमटी-हावड़ा मेल 4.20 घंटे, एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 3.30, 18 अक्टूबर को एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस 2.15 घंटे, 16 अक्टूबर को हावड़ा-सीएसएमटी 7 घंटे, 21 नवंबर को एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस 3 घंटे तथा 22 को एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस 3 घंटे लेट से संचालित होगी।

तेलीबांधा चौक का नाम बदलने का विरोध करेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा "सेवा संकल्प अभियान" के तहत रायपुर के प्रसिद्ध तेलीबांधा चौक समेत प्रदेश र के 38 स्थानों का नाम "सेवा ज्योति संकल्प चौक" के नामकरण और बदलाव के फैसले का कांग्रेस कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा, तेलीबांधा चौक का नाम 100 वर्षों से भी अधिक पुराना है। ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान को मिटाकर राजनीतिक नामकरण करना छत्तीसगढ़ की जनता और साहू समाज की भावनाओं के खिलाफ है। सरकार राज्य में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और विकास के असली मुद्दों पर काम करने के बजाय केवल स्थानों के नाम बदलकर प्रचार और इवेंट मैनेजमेंट में लगी हुई है।



■ छत्तीसगढ़ की पहचान मिटा रही भाजपा

जुड़ी हैं साहू समाज की भावनाएं

उन्होंने कहा, तेलीबांधा चौक की ऐतिहासिक पहचान को किसी भी कीमत पर बदलने नहीं दिया जाएगा और यदि इस फैसले को लागू करने की कोशिश की गई, तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के लोगों विशेषकर साहू समाज की भावनाएं तेलीबांधा तालाब से जुड़ी हुई हैं। यहां पर नाम भक्त माता कर्मा या तेलिन दाई के नाम से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मोदी की चाटुकारिता में भाजपा सरकार प्रदेश के विभूतियों और छत्तीसगढ़ की पुरातत्व पहचान को समाप्त करने में लगी है, जो सर्वथा अस्वीकार्य है।

तमनार में अध्यक्ष पद अनारक्षित महिला, बड़ी करेली मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवगठित नगर पंचायतों के अध्यक्ष पदों का आरक्षण तय

नवगठित नगर पंचायतों तमनार (रायगढ़) और बड़ी करेली (धमतरी) के अध्यक्ष पदों का आरक्षण बुधवार को लॉटरी के जरिए तय किया गया। नवा रायपुर के इंद्रावती भवन स्थित नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय में निर्धारित नियमों और प्रक्रिया के तहत आरक्षण की कार्यवाही पूरी की गई।

लॉटरी में नगर पंचायत तमनार का अध्यक्ष पद अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ, जबकि बड़ी करेली का अध्यक्ष पद अनारक्षित (मुक्त) घोषित किया गया। आरक्षण प्रक्रिया शासन द्वारा नियुक्त विहित प्राधिकारी एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक नीलेश महादेव क्षीरसागर की उपस्थिति में संपन्न हुई।



दी गई प्रावधानों की जानकारी

कार्यवाही शुरू होने से पहले उपस्थित नागरिकों को आरक्षण नियम, 1999 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दोनों नगर पंचायतों के अध्यक्ष पदों के लिए लॉटरी निकाली गई। अधिकारियों ने बताया कि आरक्षण की पूरी प्रक्रिया शासन के निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न की गई। इस दौरान तमनार और बड़ी करेली के नागरिकों के अलावा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

महिला उद्यमियों को प्रशासनिक एवं रणनीतिक सहयोग प्रदान करना आवश्यक, महिला चैंबर की पहली आमसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महिला चैंबर की प्रथम आम सभा न्यू बॉम्बे मार्केट स्थित चैंबर भवन सभागार में आयोजित हुई। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन और महिला चैंबर की प्रदेशाध्यक्ष डॉ.इला गुप्ता नेतृत्व में आयोजित सभा में मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, समाज निर्माण तथा महिला व्यापारियों को स्वावलंबी बनाने के नए अवसर प्रदान करने पर केंद्रित रही। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में डॉ. साहू ने महिला चैंबर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, कि आज की महिला परिवार के साथ-साथ व्यापार और उद्योग जगत में भी अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने महिला सुरक्षा, कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण, आत्मनिर्भरता और व्यापारिक चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ने के संबंध में विचार व्यक्त किए। सभा को संबोधित करते हुए महिला चैंबर की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. इला गुप्ता ने कहा,महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने समय-समय पर महिला चैंबर नए अवसर प्रदान करेगा।



सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित : इस अवसर पर चैंबर के सलाहकार एवं महिला चैंबर प्रभारी तिलोकचंद बरडिया ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा, महिला चेम्बर का यह प्रयास छत्तीसगढ़ के व्यापारिक परिदृश्य में एक नए युग की शुरुआत है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवा रही हैं। चेम्बर प्रबंधन महिला उद्यमियों को हर संभव व्यापारिक, प्रशासनिक एवं रणनीतिक सहयोग प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान आम सभा में महिला चेम्बर द्वारा महिला उद्यमियों और व्यापारियों को एक नया मंच प्रदान करने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इसमें मेरे सपनों का आंगन के माध्यम से महिलाओं के घरेलू व्यवसायिक विचारों को धरातल पर लाने, 'वात्सल्य से उद्दित उदया' द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और समाज निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने, तथा पैसा बोलता है जैसे कार्यक्रमों के जरिए वित्तीय साक्षरता एवं बिजनेस मैनेजमेंट सिखाने का काम किया जा रहा है।

ये रहे शामिल

इस अवसर पर चेम्बर के वाइस चेयरमेन चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, महिला चेम्बर अध्यक्ष डॉ ईला गुप्ता, महामंत्री मनीषा तारवानी, कोषाध्यक्ष नम्रता अग्रवाल, संरक्षक मीनाक्षी टुटेजा, वरिष्ठ सलाहकार मंजूषा परियल, उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन,दिलीप इसरानी, जितेंद्र शादीजा, मंत्री भरत पमनानी, जतिन नवरानी, आकाश धावना, सचिता महिन्द्रा, सविता गुप्ता, ममता अग्रवाल, करिश्मा कमलानी, प्रियंका गुप्ता, राधिका तिवारी, कुहू शर्मा, निधि अग्रवाल, नेहा जैन, हेमल शाह, भारती पटेल, पटेल प्रवीणा, सुशीला पटेल, विजया पटेल, कौशल्या पटेल, परमिला पटेल, निशा पटेल, कांता धीमन, सोनिया शांडिल, भारती मलकानी, कृशिका मलकानी, अरुणा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



सात समंदर पार से देवी मंदिरों में जलेंगी...

लाइव इवेंट

छात्र उत्कृष्ट साहित्य सृजन कर राष्ट्र निर्माण में बने भागीदार



रायपुर। दुर्गा महाविद्यालय में हिंदी-सृजन से संवाद तक विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा स्टूडेंट्स के भाषा ज्ञान संवर्धन के लिए किया गया। इस व्याख्यान की मुख्य वक्ता डॉ. सीमा रानी विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ. राधा बाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय रही। वहीं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार दुर्गा कॉलेज ने की।

मुख्य वक्ता डॉ. सीमा रानी ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा हमारी स्वाभिमान की भाषा है। इस भाषा का सम्मान हमारा अपना सम्मान है। उन्होंने आगे 1857 के युद्ध से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक हिंदी भाषा की आवश्यकता और भूमिका पर चर्चा की। साहित्य के रूप में प्राचीन काल से लेकर वर्तमान तक हिंदी के उद्भव और विकास पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। हिंदी और हिंदी में लिखे उत्कृष्ट साहित्य से परिचित करवाया। छात्रों से आग्रह किया कि से साहित्य सृजन से जुड़ कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. रोशनी मिश्रा, डॉ. गणेश शंकर , डॉ. आकांक्षा शुक्ला के उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा सहायक प्रध्यापक हिंदी विभाग दुर्गा महाविद्यालय ने किया। इस अवसर पर सभी छात्र अनुशासित और शालीन वेशभूषा में धैर्यपूर्वक एवं उत्साह से व्याख्यान में सम्मिलित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ. मोतीलाल साकार ने किया।

साहित्य की रचना से भाषा, संस्कृति और तत्कालीन मनोभाव और परिस्थिति को संभाला जाता है। साहित्य के अध्ययन पर भी जोर देते हुए कहा कि बेहतर साहित्य के अध्ययन से संवाद की शैली मजबूत होगी। आप अपनी अभिव्यक्ति को सशक्त और सजीव बना पाएंगे।

राज्य स्तरीय रोजगार मेले में प्रदेश भर से 30 हजार से अधिक शिक्षित युवाओं ने कराया पंजीयन

कंप्यूटर ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, नर्सिंग स्टॉफ बनने पांच हजार ग्रेजुएट, डिप्लोमाधारी युवाओं की उमड़ी भीड़

बूढ़ातालाब स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय रोजगार मेला का शुभारंभ हुआ। जहां पहले ही दिन नौकरी पाने की आस में राज्यभर के 10वीं, 12वीं पास के अलावा इंजीनियरिंग और साइंस विषयों में ग्रेजुएट-पोस्ट ग्रजेएट, डिप्लोमाधारी युवाओं का इंटरव्यूह के लिए तांता लगा रहा।



रायपुर। पंजीकृत युवा रोजगार मेले में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बीएससी नर्सिंग स्टॉफ, बैंक कर्मचारी, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, वेल्डर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, रिशेप्सनिस्ट, टेलीकॉलर, सलोन एक्सपर्ट्स, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, टेक्निशियन जैसे सैकड़ों पदों पर नियुक्ति के लिए इंटरव्यूह सेशन में भाग ले रहे हैं। राज्य स्तरीय रोजगार मेले के सहायक नोडल अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि इस रोजगार मेले के पहले दिन करीब 5 हजार से अधिक पंजीकृत प्रतिभागियों ने सलेक्टेड कंपनियों को साक्षात्कार दिया। अभ्यर्थी को विभाग के पोर्टल पर अपनी योग्यता और पसंद की कंपनी का चयन करने का ऑनलाइन पंजीयन ऑप्शन दिया गया है। साथ ही सुविधा के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेशपत्र जारी किया गया है, ताकि आवेदक को उसका साक्षात्कार किस दिन, किस समय और किस कक्ष में है, इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध हो सके। देशभर के 100 बहुउद्देशीय कंपनियां अपनी 8000 से अधिक पद रिक्तियों को भरने मेले में पहुंची हैं।

पहले दिन इन जिलों से पहुंचे युवा

पहले दिन मेले में रायपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, धमतरी, दुर्ग, बिलासपुर, सक्ती जिले के अभ्यर्थियों ने अपनी पसंद की कंपनियों व पद के लिए इंटरव्यू में भाग लिया। इनमें से ज्यादातर अभ्यर्थियों का कंपनी ने प्राथमिक सलेक्शन कर उन्हें समय दिया है। वहीं आज मेले के दूसरे दिन भी प्रदेश के दूसरे जिलों से पंजीकृत बेरोजगार युवा जॉब पाने सुबह 10 बजे से पहुंचेंगे।





कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव पद के लिए दिया इंटरव्यूह



धमतरी जिले से रोजगार मेले में पहुंची ग्रेजुएट डिग्री धारक लिकेश्वरी ने बताया कि उसने रोजगार मेले में पंजीयन कराया है। अभी एक आईसेक्ट कंपनी में इंटरव्यूह देने पहुंचे हैं। इंटरव्यूह के बाद कंपनी के अधिकारियों ने प्राथमिक तौर पर सलेक्ट किया है। फाइनल सलेक्शन डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन और इंटरव्यूह के बाद होने की बात कही है।

डाटा एंट्री ऑपरेटर की जॉब की चाह



मुंगेली जिले से आए अभ्यर्थी राजकमल ने डाटा एंट्री ऑपरेटर पद के लिए साक्षात्कार दिया। वे रोजगार मेले में नौकरी पाने की आस में पहुंचने की बात कही। राजकमल आगे ने बताया कि वह बीकॉम किए है, साथ ही पीजीडीसीए डिप्लोमा भी किया है। मेले मे उनका इंटरव्यूह अच्छा गया है, कंपनी ने प्राथमिक सलेक्शन किया है।

मशीन ऑपरेटर के जॉब के लिए दिया साक्षात्कार



सक्ति जिले से आए अभ्यर्थी रोहन कुमार ने मशीन ऑपरेटर पद के लिए साक्षात्कार दिया। वे रोजगार मेले में बड़ी उम्मीद से आए हैं। उन्होंने बताया कि वह ग्रेजुएट है, साथ ही पीजीडीसीए डिप्लोमा भी किया है। संबंधित कंपनी में इंटरव्यूह दिया है, कंपनी ने बाद में सूचना देने की बात कही है।

फायर सेफ्टी मैन और डाटा एंट्री के लिए पंजीयन कराया



दुर्ग जिले से रोजगार मेले में पहुंचे मोहित कुमार मनहरे ने बताया कि वह 12 वी पास हैं और डीसीए कप्यूटर डिप्लोमा भी किए हैं। इस योग्याता के आधार पर फायर सेफ्टी मैन और डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद के लिए संबधित कंपनियों में पंजीयन कराया है। इंटरव्यूह के बाद कंपनी वाले चयन प्रक्रिया का रिजल्ट बताएंगे।

सिटी इवेंट

एजेंटिंक एआई की क्षमता, व्यावहारिक उपयोग और सिक्योरिटी की चुनौती पर चर्चा



रायपुर। ट्रिपल आईटी में तीन दिवसीय आईईईई इंडिया एजेंटिक एआई रोड-शो का आयोजन किया गया। इसमें में शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों, स्टार्टअप्स, उद्योग प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों ने एजेंटिंक एआई की तेजी से बढ़ती क्षमताओं, उसके व्यावहारिक उपयोग तथा उससे जुड़ी सिक्योरिटी, रिलयाबिलिटी और रिस्पॉसिबल एआई की चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ व्याख्यान हैंड्स ऑन ट्रायइगि, स्टार्टअप इंट्रेक्शन, पेनल डिसक्शन्स तथा एजेनेटिक एआई इनोवेशन चैलेंज आयोजित किए गए। इनोवेशन चैलेंज में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 13 विचार शॉर्टलिस्टेड हुए और छह टीमों ने अंतिम प्रस्तुति दी। उद्घाटन संबोधन में प्रो. डॉ. ओपी व्यास कुलपति एवं निदेशक ट्रिपलआईटी ने कहा कि एजेनेटिक एआई, जनरेटिव एआई से एक महत्वपूर्ण कदम आगे है, जहां एआई केवल कन्टेंट या उत्तर तैयार नहीं करता, बल्कि गोल को समझकर प्लान बना सकता है, टूल्स का उपयोग कर सकता है और स्वयं एक्शन्स ले सकता है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में एआई एजेंट्स द्वारा अनपेक्षित एक्शन्स, साइबर सिक्योरिटी इंसिडेंट्स और नियंत्रण से बाहर व्यवहार की आशंकाओं से जुड़ी खबरों ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। इससे स्पष्ट है कि जब एआई केवल गलत उत्तर देता है तो परिणाम एक गलत सूचना हो सकती है, लेकिन जब ऑटोनोमस एआई एजेंट गलत निर्णय लेकर एक्शन करता है, तो उसका प्रभाव वास्तविक दुनिया तक पहुंच सकता है। इसलिए जितनी अधिक ऑटोनॉमी , उतने ही मजबूत गॉडरैल्स, सिक्योरिटी और ह्यमन ओवरसाइट आवश्यक हैं।

इन विशेषज्ञों ने रखे अपने विचार

कार्यक्रम में मयंक अग्रवाल सीईओ चिप्स, आईईईई कंप्यूटर सोसायटी के ऐरिक ब्रेकोविट्ज, उद्योग एवं स्टार्टअप एक्सपर्ट्स ने गवर्नेंस, एमएसएमई, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और पब्लिक सर्विस डिलीवरी में एआई की संभावनाओं पर विचार रखे। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा के प्रशिक्षु राज्य सिविल सेवा अधिकारियों के लिए भी एआई के लॉ इनफोर्समेंट, रूलर गवर्नेंस, रिजीस्ट्रैक्शन, पब्लिक फाइनेंस, फ्रॉड डिटेक्शन और सिटीजन सर्विसेस में उपयोग पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। विशेषज्ञों ने इस बात पर बल दिया कि एआई की अगली यात्रा केवल अधिक शक्तिशाली सिस्टम्स बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें ट्रस्टवर्थी, एक्सप्लेनेबल, सिक्योर और ह्यमन-कंट्रोलेड बनाने की भी है।

बच्चों ने सिग्नल पर सीखे ट्रैफिक सुरक्षा के नियम

रायपुर। बच्चों को यातायात नियमों की व्यावहारिक जानकारी देने के उद्देश्य से यातायात जागरूकता गतिविधि का आयोजन वंडर किड्स अकैडमी दीनदयाल उपाध्याय नगर शाखा द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सीनियर क्लास के बच्चों को सरोना ट्रैफिक सिग्नल ले जाकर वास्तविक परिस्थितियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

गतिविधि के दौरान बच्चों को ट्रैफिक लाइट के लाल, पीले और हरे संकेतों का अर्थ, स्टॉप लाइन और जेब्रा क्रॉसिंग का सही उपयोग समझाया गया। बच्चों को बताया गया कि सड़क पार करते समय पहले दाईं ओर, फिर बाईं ओर और पुनः दाईं ओर देखकर, किसी बड़े व्यक्ति के साथ सुरक्षित रूप से सड़क पार करनी चाहिए। साथ ही दोपहिया वाहन पर हेलमेट और कार में सीट बेल्ट लगाने के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।



विनम्रता से याद दिलाएं यातायात नियम, करवाएं पालन

बच्चों को यह भी समझाया गया कि माता-पिता या परिवार का कोई सदस्य ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने का प्रयास करे, तो उन्हें विनम्रता से यातायात नियमों का पालन करने के लिए याद दिलाएं। साथ ही एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं अन्य आपातकालीन वाहनों को रास्ता देने की जिम्मेदारी के बारे में भी बच्चों को जागरूक किया। स्कूल की डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल पल्लवी मिश्रा ने बच्चों को नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा की आदतें बचपन से ही विकसित की जानी चाहिए। बच्चों को केवल कक्षा में यातायात नियम बताने की जगह वास्तविक ट्रैफिक सिग्नल पर ले जाकर उन्हें समझाने से नियमों को बेहतर तरीके से समझते और जीवन में उनका पालन करना सीखते हैं। इस दौरान मौके पर उपस्थित यातायात पुलिस कर्मियों ने भी बच्चों को सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया।

गांधी जयंती पर हुई सृजन स्पर्धा विजेता 18 को होंगे पुरस्कृत

रायपुर। महाकोशल कला परिषद, अग्रवाल युवती मंडल, लायंस क्लब रायपुर फ्रैंड्स द्वारा आयोजित 22वीं गांधी जयंती सृजन चित्रकला, रंगोली, फोटोग्राफी स्पर्धा-2026 के परिणाम आज निर्णायक समिति द्वारा घोषित किए गए। निर्णायक मंडल में डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. भावना शाह, डॉ. शिखर शर्मा शामिल रहे। चित्रकला में उच्चत्तर माध्यमिक शाला वर्ग में प्रथम पुरस्कार स्वर्णिका सेन गुप्ता, द्वितीय पायल पटेल रायपुर, तृतीय हर्षद पाटील, प्रभात सोनवानी एवं मोहम्मद सलीम भोपाल रहे। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार श्रृष्टि सिंह, द्वितीय आंचल चटर्जी, तृतीय संजना रही। चित्रकला प्राथमिक शाला वर्ग में प्रथम पुरस्कार रोशना भोपाली बैंगलोर, द्वितीय अनुराग प्रताप सिंह, तृतीय रेयांश सोनी एवं सेमीत सिंघानिया रहे। रंगोली के पुरस्कार में प्रथम नमिता फरिकार एवं श्रृष्टि सिंह द्वितीय डाली सेन रही। फोटोग्राफी के प्रथम पुरस्कार राजेन्द्र निगम, द्वितीय विजय शंकर जोशी रहे। इन विजेताओं को पुरस्कार का वितरण 18 अक्टूबर को महाकोशल कला वीथिका में किया जाएगा।



कार्नर न्यूज

इनडोर और आउटडोर पौधों की सर्दियों से पहले बढ़ने लगी पूछ-परख

बागवानी प्रेमी बालकनी व बगीचों को हरा-भरा रखने और फूलों की सुगंध बिखेरने नर्सरी में तलाश रहे हैं पौधे

रायपुर। बागवानी के शौकीनों ने सर्दी की शुरुआत के साथ ही अपनी बालकनी व बगीचों को हरा-भरा और रंग-बिरंगे फूलों की सुगंध बिखेरने के लिए तैयारी शुरू की है। इसके लिए नर्सरियों का रुख भी प्रकृति प्रेमी करने लगे हैं। सर्दी का मौसम शुरू होने से गार्डनिंग का शौक रखने वाले इनडोर और आउटडोर दोनों तरह के पौधों की रोपाई और रख-रखाव के लिए अनुकूल मौसम के बीच इस सीजन में विशेष रूप से सर्दियों में खिलने वाले फूलों, सजावटी पौधों और सदाबहार इनडोर वैरायटी की तलाश कर रहे हैं। इसके चलते सर्दी के इस सीजन में लोग आसपास के नर्सरी संचालकों के पास ऐसे पौधों की तलाश करने पहुंच रहे हैं। जिन पौधों को सर्दियों में ही रोपने पर पौधों को अनुकूल वातावरण मिलता है। 50 से 500 रूपए में प्रति पौधे को खरीदने के साथ नर्सरी संचालकों से सलाह लेने भी पहुंच रहे हैं। सूरज साहू, कमलेश निर्मलकर, दिनेश अठवानी ने बताया कि सर्दी के मौसम में प्रकृति प्रेमियों का रुझान नर्सरी में ज्यादा होता है।







आउटडोर और मौसमी फूलों वाले पौधे खास

सर्दियों में धूप सुहानी होती है, इसलिए बगीचे और बालकनी को रंगीन लुक देने के लिए आउटडोर पौधों की सबसे ज्यादा मांग है। इनमें गेंदा और हिबिस्कस (गुड़हल) को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। मिट्टी और मौसम के लिए सबसे मरोसेमंद व पारंपरिक विकल्प के रूप में लिया जा रहा है। नर्सरियों में कैलेंडुला और विंटर जैस्मिन जैसे फूलों की मांग बढ़ गई है। क्रिसमस ट्री सर्दियों और त्योहारों के मद्देनजर एवरग्रीन आउटडोर और इनडोर स्पेस सजाने के लिए इसे काफी पसंद किया जा रहा है। इसके अलावा रात रानी की धीमी खुशबू सर्द रातों को महकाने के लिए बागबानों प्रेमियों द्वारा ज्यादा पसंद किया जा रहा है।

इनडोर और कम धूप वाले पौधों की डिमांड

सर्दियों में घर के अंदर के वातावरण को शुद्ध और जीवंत रखने के लिए लोग इनडोर पौधों को सहेज रहे हैं। ड्रेसीना और रबर प्लांट को लोग कम धूप और कम रोशनी वाले कोनों के लिए बेहतरीन इनडोर विकल्प मानते हैं, जो सर्दियों में भी पनपते हैं। स्पाइडर प्लांट से घर की हवा को साफ रखने और बहुत तेजी से बढ़ने के कारण इसे इनडोर और सेमी-शेड दोनों जगहों पर लगाना पसंद करते हैं। बोनसाई में आजकल बजट के अनुकूल और कई साल पुराने लैंडस्केप बोनसाई का क्रेज भी बागबानी प्रेमियों के बीच तेजी से बढ़ा है। खरीदने के लिए आने वालों में हर वर्ग के लोग शामिल हैं।

सर्दियों के लिए देते हैं विशेष सलाह

स्थानीय नर्सरी मालिकों ने बताया कि पौधों को सर्दियों में रोपने के लिए किस तरह मिट्टी तैयार की जाए, इसकी जानकारी भी कई लोग लेते हैं। आने वाले लोगों को बताते हैं कि मिट्टी तैयार करते समय गोबर खाद या वर्मीकम्पोस्ट का सही मिश्रण मिलाना जरूरी है। इनडोर पौधों को इस मौसम में बहुत कम पानी दें और आउटडोर पौधों को ऐसी जगह रखें, जहां उन्हें दिन में 4-5 घंटे की अच्छी धूप मिल सके।

समाज लाइव

समाज में मेहनत, प्रतिभा और काम से पहचान बनाने वालों का सम्मान



"पीढ़ी दर पीढ़ी साथ रहे" साथ रहने पर जोर

रायपुर। सहयोग एक सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित 17वें विशेष आयोजन "उड़ान नाम ही पहचान है" वृंदावन हॉल सिविल लाइन में उत्साह, सम्मान और सामाजिक एकता के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में अपनी मेहनत, प्रतिभा और कार्यक्षेत्र के माध्यम से पहचान बनाने वाले लोगों को सम्मानित करना तथा नई पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। इसमें डॉक्टर, टीचर्स, इंजीनियर, आर्किटेक्ट, एडवोकेट सहित चार्टर्ड अकाउंटेंट के अलावा अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े कुल 40 लोगों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में एक विशेष पहल के रूप में सिंधी बोली और सिंधी संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिंधी भाषा से जुड़े प्रश्नोत्तर भी रखे गए। इसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही प्रश्नों के सही उत्तर देते हुए यह संदेश दिया कि अपनी मातृभाषा और संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में "पीढ़ी दर पीढ़ी साथ रहे" की भावना को भी प्रमुखता दी गई। संस्था का प्रयास है कि परिवारों में प्रेम, संस्कार, सम्मान और एकता बनी रहे तथा नई पीढ़ी अपनी संस्कृति और सामाजिक मूल्यों से जुड़ी रहे। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्दर देवानी के साथ अंकित रोहरा, नितिन माथा, मनोहर टकरानी, मनीष पंजवानी, मनोहर डंगवानी एवं गोवर्धन दास साहनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे । महिला टीम ने भी आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। महिला विंग अध्यक्ष दिव्या आडवाणी, महामंत्री सिमरन चावला , सलाहकार एवं प्रवक्ता सुनीता देववानी, कार्यकारी अध्यक्ष सिमरन बजाज के साथ महिला टीम ने व्यवस्था संभालते हुए आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

सिटी लाइव

गरबा की कार्यशाला में डांडिया के साथ ही मयूर स्टाइल की धूम



14 अक्टूबर को होगा मुख्य आयोजन, तैयारी शुरू

रायपुर। आगामी 14 अक्टूबर को आयोजित होने वाले भव्य गरबा आयोजन "बीट पे गरबा" की तैयारियों के तहत बुधवार को चौथी गरबा कार्यशाला का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस, रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर सुप्रीम द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ गरबा और डांडिया का अभ्यास किया। इसमें कोरियोग्राफर परमेश ने प्रतिभागियों को डांडिया के साथ विभिन्न मयूर स्टाइल के आकर्षक गरबा स्टेप्स सिखाए। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न स्टेप्स और मूवमेंट्स का अभ्यास किया तथा आगामी आयोजन के लिए जमकर तैयारी की। इसमें शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों ने जाना कि किस तरह से एक-एक स्टेप्स के साथ उत्सव को खास बनाया जा सकता है।

इस कार्यशाला की चेयरपर्सन रुचिका चंदक और अदिति गुमास्ता रहीं। कार्यशाला के दौरान सदस्यों में खासा उत्साह देखने को मिला और सभी ने जोश एवं ऊर्जा के साथ गरबा का आनंद लिया। अब 14 अक्टूबर को ओमाया बैंक्वेट हॉल में "बीट पे गरबा" का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की चेयरपर्सन अपूर्वा मंत्री एवं राखी काबरा हैं। कार्यक्रम में गरबा, डांडिया और बॉलीवुड बीट्स का शानदार संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम के पास बुक माय शो पर उपलब्ध हैं। आयोजकों ने गरबा प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर गरबा उत्सव का हिस्सा बनने के लिए आग्रह किया है। इसके साथ ही गरबा उत्सव का आकर्षक बनाने की तैयारी की जाएगी।

इवेंट लाइव

छात्र-छात्राओं को समाज में सकारात्मक बदलाव और जागरूक बनाने किया प्रेरित



रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में इम्पावर माइंड इम्पावर वुमन थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन संस्थान के सेंटर फॉर वुमन्स स्टडी द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास के माध्यम से बेटियों एवं बहनों को सशक्त बनाने पर केंद्रित रहा। आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। डॉ. ममता साहू ने महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, आईसीसी एवं पीओएसएच एक्ट, महिलाओं के अधिकार और कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम में जेंडर चैंपियन की भूमिका को रेखांकित करते हुए छात्र-छात्राओं को जागरूकता फैलाने एवं समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल सहित प्रो. रीता वेणुगोपाल, प्रो. प्रियंवदा श्रीवास्तव, प्रिया राव, अनुराधा सहित स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता रही।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में इम्पावर माइंड इम्पावर वुमन थीम पर कार्यक्रम आयोजित

● शारदीय नवरात्रि को लेकर घट स्थापना को लेकर शहर के देवी मंदिरों में तैयारी अंतिम चरण पर पहुंची

सात समंदर पार से देवी मंदिरों में जलेंगी आस्था की जोत ऑस्ट्रेलिया, कनाडा के भक्त मांगेंगे नवदुर्गा से मन्नत

शारदीय नवरात्रि पर सात समंदर पार यानी विदेशों में रहने वाले सनातन धर्म के भक्त शहर के देवी मंदिरों में अखंड जोत प्रज्ज्वलित करेंगे। इसके लिए मंदिरों में कलश ज्योति स्थापना की प्रक्रिया पूरी करा रहे हैं। बता दें कि शारदीय नवरात्रि पर दुनिया के कोने-कोने में बसे भारतीय अपने स्थानीय देवी मंदिरों में अखंड ज्योत जलाते हैं और भगवान से सुख-समृद्धि की मन्नतें मांगते हैं।





विदेशी भक्तों के लिए ऑनलाइन बुकिंग और ई-पूजा

आजकल तकनीक और डिजिटल माध्यमों ने इन भक्तों के लिए अपनी मन्नत पूरी करना और आसान बना दिया है। ऑनलाइन बुकिंग और ई-पूजा शहर के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में सात समंदर पार बैठे भक्त ऑनलाइन ई-पूजा करवा रहे हैं और अपने नाम से अखंड ज्योति जलवा रहे हैं। मंदिर के पूजारियों ने बताया कि अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों से भक्तगण साल में एक बार दर्शन के लिए जरूर आते हैं, लेकिन अखंड ज्योति स्थापना और पूजा में ऑनलाइन दर्शन कराया जाता है। इसके लिए मंदिर प्रबंधन द्वारा भक्तों का व्हाट्सअप ग्रुप भी बनाया जा रहा है।



रायपुर। 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रि के लिए देश-विदेश से भक्तगण माता के मंदिरों में आस्थ की जोत जलाने निर्धारित शुल्क जमा करा रहे हैं। कुशालपुर चौक स्थित अत्यंत प्राचीन और प्रसिद्ध मां दंतेश्वरी मंदिर में कनाडा और भनपुरी रावाभांठा स्थित बंजारी माता मंदिर में आस्ट्रेलिया से भक्तों ने अखंड जोत कलश की स्थापना के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। विदेशों के अलावा देश के दूसरे राज्य से भी भक्तों ने माता के दरबार में हाजरी लगाने ज्योत कलश की स्थापना करा रहे हैं। मंदिर के ट्रस्टी एवं पुजारियों ने बताया कि दिल्ली, मुंबई, ओडिशा, महाराष्ट्र के भक्त भी बड़ी संख्या में ज्योति कलश स्थापित कर रहे हैं। देवी मंदिरों के पुजारियों ने बताया कि पर्व को अब कुछ ही दिन शेष रह गए है। नवरात्रि को लेकर जोर शोर से मंदिर प्रगांणों, भवनों और ज्योति कलश कक्षों की साफ-सफाई से लेकर रंगाई-पोताई, साज सजाट का काम चल रहे हैं। पुजारियों ने बताया कि नवरात्रि प्रारंभ से पूर्व मंदिरों को फूलों और इलेक्ट्रॉनिक झालर, लाइट्स से सजाया जाएगा। श्रद्धालु व्रत रखकर अपनी आस्था की शक्ति से देवी के नौ रूपों की भक्ति आराधना में लीन होंगे।

बंजारी माता मंदिर में जलेंगे 10 हजार से अधिक जोत

रावांभाठा बंजारी माता मंदिर में अब तक 6500 भक्तों ने देश-विदेश से ज्योति कलश स्थापना के लिए पंजीयन कराया है। मंदिर में 10 हजार से अधिक ज्योति कलश जलेंगे। इसके लिए लगातार भक्तगण पंजीयन करा रहे हैं। मंदिरों में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां शुरु हो चुकी है। मंदिर के कलश ज्योति कक्ष का सेवादार रंग रंगाई कर रहे हैं। वहीं कलश की विधि-विधान से स्थापना की तैयारी से जुड़े प्रक्रियाओं को किया जा रहा है। हर बार की तरह इस वर्ष भी भक्तों में ज्योति कलश स्थपना को लेकर आस्था उमड़ रही हैं।

महामाया मंदिर में जलेंगे 11001 अखंड ज्योति कलश

राजराजेश्वरी महामाया मंदिर के पुजारी डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि इस शारदीय नवरात्रि पर 11001 अखंड जोत प्रज्ज्वलित होंगे। कलश जोत स्थापना के लिए भक्तों का पंजीयन किया जा रहा है। 7 अक्टूबर की स्थिति में अब तक 7000 से अधिक भक्तों ने जोत कलश स्थापित करने पंजीयन कराया है। मंदिर में अधिकत 11001 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने की व्यवस्था है। वहीं ज्योति कलश कक्ष की तैयारी व सेवादारों की जिम्मेदारिया तय किया जा रहा है।

दंतेश्वरी मंदिर में 1500 ज्योति कलश होंगे प्रज्ज्वलित

कुशालपुर दंतेश्वरी मंदिर में नवरात्रि पर 1500 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होंगे। इसके लिए भक्तों का पंजीयन जारी है। मंदिर ट्रस्ट के सचिव जश्वंत सिंह ठाकुर ने बताया कि मंदिर में ज्योति कलश स्थापना के लिए कनाडा, दिल्ली, मुंबई से भक्तों ने पंजीयन कराया है। 7 अक्टूबर तक 800 भक्तों ने पंजीयन कराया है। वहीं मंदिर में रंग-रोगन और साज सजावट की कार्य भी किया जा रहा है। इसके साथ ही ज्योति कलश कक्ष के लिए 25 सहित 40 सेवादारों की भी व्यवस्था रहेगी। पंचमी को माता की स्वर्ण श्रृंगार भक्तों के लिए विशेष रहेगा।

इन देवी मंदिरों में भी आस्था ज्योति कलश

शहर के कालीमाता मंदिर, शीतला माता मंदिर, कंकाली माता मंदिर में भी शारदीय नवरात्रि को लेकर तैयारियों जोरो पर हैं। विधि-विधान से ज्योति कलश की स्थापना को लेकर भक्त पंजीयन करा रहे हैं। इसी तरह से सभी देवी मंदिरों में नवरात्रि को लेकर तैयारियां लगभग अंतिम चरण पर पहुंच चुकी है।

नहीं मिटेगा सिंदूर.. नुक्कड़ नाटक की दी शानदार प्रस्तुति

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विद्यार्थियों ने नहीं मिटेगा सिंदूर नुक्कड़ नाटक की प्रभावी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य जे.पी. श्याम के संयोजन में किया गया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर की विषय-वस्तु और देशसेवा के भाव को प्रभावी संवाद एवं अभिनय के जरिए प्रस्तुत किया।



रायपुर। प्राचार्य जे.पी. श्याम ने स्वागत वक्तव्य में सेवा संकल्प एवं नमो सेवा के तहत विद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने रंगोली, दीप प्रज्वलन सहित कक्षा चौथी की छात्रा के राज्य स्तरीय प्रस्तुति के लिए चयनित होने की जानकारी भी दी। मुख्य अतिथि उप नेता प्रतिपक्ष चंद्र प्रकाश पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, परिस्थितियों से आगे बढ़ने और देशसेवा के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा दी। विशेष अतिथि पूर्णिमा ठाकुर ने जनकल्याणकारी कार्यों में सहभागिता का आह्वान किया। वार्ड पार्षद अपर्णा दास ने देश के विकास में नागरिकों की भूमिका पर विचार रखे। एसएमडीसी अध्यक्ष विश्वनाथ सिन्हा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति और संवाद शैली की सराहना करते हुए उन्हें देशसेवा के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक का संवाद लेखन एवं निर्देशन राम कुमार वर्मा ने किया। सरिता वैद्य, मधुमती नायक सहित शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। प्रस्तुति में साधना यादव, वैष्णवी शर्मा, प्रियंका, रानंदिनी दलाई, प्रतिमा महतो, भाग्यश्री, एस. लवली, नव्या वर्मा, राघवेंद्र धुर्वे, भावेश भैसारे, पंकज निषाद, राजवीर, राहुल वर्मा, तामेश्वर यादव, रिपूसुदन मिश्रा सहित विद्यार्थियों ने भूमिका निभाई।

नारी शक्ति को साड़ी वितरण सेवा के 25 वर्षों को किया याद



रायपुर। लोगों के हितों और सनातन धर्म की रक्षा के लिए हमेशा प्रयास करने वाले छत्तीसगढ़ शिवसेना के सदस्यों ने सरोकार बढ़ाने के लिए प्रयास करते हुए बुधवार को पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा 25 वर्षों तक किए गए सेवा कार्यों को याद करते हुए भव्य आयोजन किया। इस आयोजन में पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत, शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार, मधुकर पांडेय, रेशम जांगड़े प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस क्रम में फूल चौक के पास दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक माताओं और बहनों को दो हजार साड़ियों का वितरण करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री मूणत ने कहा कि सीएम मोदी से पीएम मोदी बनने का सफर आसान नहीं था। उनके सामने जिस तरह की चुनौतियां पेश की गई, उनके बीच देश को विकास की मूलधारा से जोड़ने का दायित्व उन्होंने बखूबी निभाया। छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश प्रमुख श्री परिहार ने कहा कि इस तरह सेवा के प्रति समर्पण भाव को हमेशा याद किया जाएगा।

महिलाओं का सम्मान करने सजाया मंच, दिए उपहार

संतोष शुक्ला, राधारमन पांडेय सहित सभी प्रमुखजनों ने फूल चौक के पास मंच सजाते हुए दो हजार महिलाओं को साड़ियों का वितरण करते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी के राजनीतिक जीवन के 25 वर्ष पूरा होने अवसर को यादगार बनाने का प्रयास किया। इस मौके को खास बनाने के लिए शिव सैनिक शहर के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित अनाथ आश्रम, वृद्धाश्रमों व बाल आश्रमों में जीवन जीने वाले हर वर्ग के लोगों के बीच गए। जहां सभी को फल और भोजन का वितरण किया। इस मौके पर पीएम मोदी के सेवा कार्यों को याद करने के साथ ही अलग-अलग संस्थाओं द्वारा लोगों का जीवन संवारने के लिए किए जा रहे प्रयास में शिवसेना के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी सहभागिता निभाने के लिए पहुंचे। साथ ही सेवा, संकल्प की भावना से जोड़ने का प्रयास किया।

महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया आगाज

श्याम भक्तों ने अग्रसेन धाम में सजाया दरबार देर-रात तक भजनों में रमे अग्र समाज के लोग

कार्नर न्यूज

रायपुर। महाराजा अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल सभा द्वारा भव्य आयोजनों की श्रृंखला सजाने का सिलसिला शुरू हुआ। अग्रसेन जयंती महोत्सव का बुधवार की शाम सात बजे अग्रसेन धाम में आगाज हुआ। भव्य श्री श्याम बाबा भजन संध्या में सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शाम 7 बजे से आयोजित इस भक्तिमय आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजनों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। श्याम बाबा के भजनों, तालियों और जयकारों से अग्रसेन धाम भक्तिरस में डूबा रहा। इसमें सांसद श्री अग्रवाल, भाजपा कोषाध्यक्ष श्री राम गर्ग, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल एवं योग आयोग अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने समाज को बच्चों की शिक्षा, सभी के स्वास्थ, निर्धन कन्याओं के विवाह, ग़रीब परिवारों की मदद एवं समाज के हित के लिए हर तरह के प्रयास करने का आह्वान किया।



भूल न भूल में मैं कभी नाम तुम्हारा, दास

भजन संध्या में शीश सेवा–किशन महाराज, प्रियांशु मित्तल, विनय अग्रवाल, अमन अग्रवाल एवं रेखा बंसल ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांधा। कलाकारों की प्रस्तुतियों के बीच श्रद्धालु भजनों पर झूमते, तालियां बजाते और श्याम बाबा का जयकारा लगाते नजर आए । "भूल न भूल में मैं कभी नाम तुम्हारा, दास हूं तेरे चरणों का" जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया। श्याम बाबा के प्रति श्रद्धा और समर्पण से पूरा वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय रहा। भजन संध्या के लिए अग्रसेन धाम को आकर्षक रूप से सजाया गया था। इसमें युवा, महिलाएं, वरिष्ठजन एवं बच्चे शामिल हुए। भजनों से परिसर "श्याम बाबा के जयकारों से गूंजता रहा।

भक्तिमय प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया

अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी योगेश अग्रवाल और उदित अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव को यादगार बनाने के लिए श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें किशन महाराज, प्रियांशु मित्तल, विनय अग्रवाल, अमन अग्रवाल एवं रेखा बंसल की भजन प्रस्तुतियों ने अग्रसेन धाम को श्याम भक्ति से सराबोर किया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में समाज के लोगों ने भी उत्साह से भाग लिया। आयोजन की शुरुआत श्री श्याम बाबा की पूजा-अर्चना एवं मंगलाचरण से किया गया। इसके बाद भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियां देते हुए श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया।



सिटी स्पोर्ट्स

छत्तीसगढ़ के दो तीरंदाज एडवांस ट्रेनिंग लेंगे तुर्की में


रायपुर। हाल ही में राजधानी में आयोजित 26वीं जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में ऊर्जाधानी कोरबा के युवा तीरंदाजों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार प्रदर्शन किया।



रिकर्व स्पर्धा में गितेश यादव (पिता धनाऊ यादव) ने पहला स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं युवराज यादव (पिता संतोष यादव) ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही दोनों प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने जयपुर में आयोजित होने वाली आगामी 'जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप' के लिए छत्तीसगढ़ टीम में अपना स्थान पक्का कर लिया है।वहीं भारतीय टीम के फॉरेन एक्सपोजर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत दोनों तीरंदाजों का चयन तुर्की में एडवांस ट्रेनिंग के लिए किया गया है, जो उनके खेल करियर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रीय तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के सचिव आयुष मुरारका, कोच भरत यादव, भानु यादव, कृष चौहान, सेद कुमार यादव, देवेंद्र सोनी एवं राहुल यादव ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है।

नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम का चयन होगा 11 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्क्वैश संघ द्वारा आगामी 82वीं नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली सीनियर टीम के गठन किया जा रहा है। इसके लिए चयन ट्रायल आगामी 11 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे से रायपुर के बुढापारा स्थित स्क्वैश कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियनशिप का आयोजन 16 से 22 नवंबर तक मुंबई में किया जाएगा। राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर को शाम 6:00 बजे तक निर्धारित की गई है। इच्छुक खिलाड़ी तय समय-सीमा तक अपना पंजीयन कराकर ट्रायल में शामिल हो सकते हैं।



वेस्ट ज़ोन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रायपुर को मिले 15 पदक



रायपुर। गोवा में आयोजित वेस्ट ज़ोन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में राजधानी स्थित एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट क्षमता और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक अपने नाम किए। बोर्डिंग एवं डे-बोर्डिंग वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में अपनी छाप छोड़ी और कुल 2 स्वर्ण, 9 रजत तथा 4 कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में स्वर्णिम सफलता हासिल करते हुए मुकुंद वर्मा ने लॉन्ग जंप स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं अभिषेक कुमार ने 4×400 मीटर रिले दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। रजत पदकों की श्रृंखला में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल दिखाया। योगेंद्र सिंह ने 110 मीटर हर्डल्स अंडर-18 में, पूनम राज ने जेवलिन थ्रो में, मोनिश साहू ने मेडले रिले में, अभिषेक कुमार ने 400 मीटर दौड़ में तथा सिद्धार्थ नागेश ने शॉट पुट स्पर्धा में रजत पदक जीता। इसके साथ ही किरण ध्रुव ने 100 मीटर अंडर-18 और मेडले रिले दोनों स्पर्धाओं में रजत पदक हासिल किया। बिरेंद्र ध्रुवा ने रिले स्पर्धा में तथा किरण पटेल ने 400×100 मीटर रिले स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। कांस्य पदकों की श्रेणी में कृष्णपाल सिंह ने रिले अंडर-18 में, अनंत कुमार साव ने शॉट पुट में, संदीप सिंह पोर्ते ने हेप्टाथलॉन अंडर-18 में तथा किरण ध्रुव ने लॉन्ग जंप अंडर-18 स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

शालेय राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल में कवर्धा ने जीता दोहरा स्वर्ण पदक



दुर्ग। 26वीं शालेय राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल 17 वर्ष बालक-बालिका स्पर्धा का आयोजन सारंगढ़ में 04 से 07 अक्टूबर तक हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले से जूनियर बालक वर्ग में कवर्धा के सोहम सिंह राजपूत, शुभम सेन व सचिन तथा बालिका वर्ग में सौम्या चंद्राकर, पूजा चंद्रवंशी एवं नंदिनी सहित कुल 06 प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन हुआ। प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जोन की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की टीमों ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

फिटनेस ट्रेंड और असंतुलित आहार का उभरता संकट दे रहा चुनौती

सेहत बनाने की होड़ में अंगों पर भारी पड़ सकती है अत्यधिक प्रोटीन सेवन की आदत, रहें हमेशा सावधान

आज के दौर में स्वस्थ रहने, वजन नियंत्रित करने और मांसपेशियां मजबूत बनाने के लिए हाई-प्रोटीन डाइट का चलन तेजी से बढ़ा है। प्रोटीन को हमारे शरीर का प्रमुख 'बिल्डिंग ब्लॉक' माना जाता है, जो मांसपेशियों, हड्डियों, त्वचा और हार्मोनल संतुलन को बनाए रखने में अनिवार्य भूमिका निभाता है। हालांकि, फिटनेस और सप्लीमेंट्स के बढ़ते रुझान के बीच यह जानना बेहद जरूरी है कि किसी भी पोषक तत्व की अति फायदे की जगह गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। आवश्यकता से बहुत अधिक प्रोटीन का सेवन आपके आंतरिक अंगों, विशेषकर किडनी और हृदय पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है, जिससे लंबे समय में स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं पैदा हो सकती हैं।

पाचन तंत्र पर दबाव और असंतुलन की समस्या

जब लोग हाई-प्रोटीन डाइट अपनाते हैं, तो वे अक्सर प्रोटीन सप्लीमेंट्स, अंडे या मांस का सेवन बढ़ा देते हैं, लेकिन आहार में फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों की उपेक्षा कर बैठते हैं। भोजन में फाइबर की यह कमी पाचन क्रिया को बुरी तरह प्रभावित करती है, जिससे कब्ज, पेट फूलने, गैस और दस्त जैसी समस्याएं होने लगती हैं। प्रोटीन पाउडर और डेयरी-आधारित सप्लीमेंट्स का



अत्यधिक उपयोग भी पेट के स्वास्थ्य को बिगाड़ सकता है। इसलिए, यदि आप प्रोटीन का सेवन बढ़ा रहे हैं, तो पाचन तंत्र को सुचारू बनाए रखने के लिए अपनी खुराक में पर्याप्त फाइबर और तरल पदार्थों को शामिल करना अनिवार्य है।


किडनी की कार्यप्रणाली पर अतिरिक्त बोझ का खतरा



प्रोटीन के मेटाबॉलिज्म के बाद बनने वाले अपशिष्ट पदार्थों (वेस्ट प्रोडक्ट्स) को शरीर से बाहर निकालने की मुख्य जिम्मेदारी हमारी किडनी की होती है। ऐसे में जब शरीर में प्रोटीन की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो फिल्टरेशन प्रक्रिया के दौरान किडनी पर काम का बोझ अचानक बढ़ जाता है। यद्यपि एक पूरी तरह स्वस्थ व्यक्ति का शरीर प्रोटीन की थोड़ी बढ़ी हुई मात्रा को संभाल सकता है, लेकिन क्रॉनिक किडनी डिजीज या पहले से किडनी की किसी समस्या से पीड़ित मरीजों के लिए हाई-प्रोटीन डाइट स्थिति को और भी बिगाड़ सकती है। ऐसे व्यक्तियों को डॉक्टर या डाइटीशियन की सलाह के बिना हाई-प्रोटीन डाइट या सप्लीमेंट्स शुरू नहीं करने चाहिए।

हृदय स्वास्थ्य और प्रोटीन के सही स्रोतों का चयन

प्रोटीन स्वयं दिल के लिए हानिकारक नहीं होता, लेकिन इसके लिए चुने गए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। यदि प्रोटीन की आपूर्ति के लिए अत्यधिक प्रोसेस्ड मीट या सैचुरेटेड फैट (संतृप्त वसा) वाले खाद्य पदार्थों पर निर्भरता बढ़ाई जाए, तो इससे कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है और भविष्य में हृदय रोगों का खतरा उत्पन्न हो सकता है। दिल और पूरे



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रेड या प्रोसेस्ड मीट के बजाय दालें, बीन्स, नट्स, मछली और प्लांट-बेस्ड प्रोटीन स्रोतों को प्राथमिकता देनी चाहिए। सही स्रोत से सही मात्रा में प्रोटीन प्राप्त करना ही संपूर्ण स्वास्थ्य की कुंजी है।

प्रोटीन की दैनिक आवश्यकता और संतुलन का नियम

एक सामान्य स्वस्थ वयस्क के लिए प्रतिदिन उसके शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम पर लगभग 0.8 ग्राम प्रोटीन की आवश्यकता होती है। उदाहरण के तौर पर, 60 किलोग्राम वजन वाले व्यक्ति को रोजाना करीब 48 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है। हालांकि, उम्र, शारीरिक सक्रियता, वर्कआउट और गर्भावस्था जैसी विशेष स्थितियों में यह आवश्यकता बदल सकती है। नियमित जिम जाने वाले या एथलीटों को अधिक प्रोटीन की जरूरत हो सकती है, लेकिन सामान्य दिनचर्या वाले लोगों को बिना सोचे-समझे अत्यधिक सप्लीमेंट्स लेने से बचना चाहिए।

राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में तमिलनाडु का एकतरफा दबदबा

भिलाई। इस्पात नगरी भिलाई के बीएसपी बॉल बैडमिंटन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4 में आयोजित 45वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026-27 (बालक एवं बालिका वर्ग) का शानदार समापन बुधवार को हो गया। 03 अक्टूबर से जारी इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब एवं छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से की गई, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों की दिग्गज टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।





रोमांचक मुकाबले और परिणाम

प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच ज़बरदस्त संघर्ष देखने को मिला। बॉयज डबल्स के फाइनल में तमिलनाडु की जोड़ी ने कर्नाटक को 35-20, 36-34 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि गर्ल्स डबल्स में तमिलनाडु ने आंध्र प्रदेश को 35-33, 35-11 से शिकस्त दी। मिक्स्ड डबल्स के फाइनल मुकाबले में पुदुचेरी की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु को 35-24, 35-29 से पराजित कर खिताबी जीत दर्ज की। इसके अलावा बॉयज के फाइनल मैच में तमिलनाडु ने आंध्र प्रदेश को 35-31, 35-33 से मात दी, वहीं गर्ल्स के खिताबी मुकाबले में भी तमिलनाडु ने पुदुचेरी को 35-18, 35-19 से हराकर दोहरे खिताब पर कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता में शीर्ष-8 राज्यों की स्थिति

प्रतियोगिता के कुल परिणामों के आधार पर बॉयज वर्ग में तमिलनाडु प्रथम, आंध्र प्रदेश द्वितीय, पुदुचेरी एवं कर्नाटक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। इसके पश्चात पाँचवें स्थान पर तेलंगाना, छठे पर केरल, सातवें पर बिहार तथा आठवें स्थान पर मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम रही। दूसरी ओर, गर्ल्स वर्ग में तमिलनाडु प्रथम, पुदुचेरी द्वितीय, महाराष्ट्र एवं केरल संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे, जबकि पाँचवाँ स्थान आंध्र प्रदेश, छठा स्थान कर्नाटक, सातवाँ स्थान तेलंगाना और आठवाँ स्थान छत्तीसगढ़ को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इंडिया के अधिकारियों एवं खिलाड़ियों के मध्य अत्यंत सादगी के साथ संपन्न हुआ। बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इंडिया, बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब एवं छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

कुकर से बार-बार निकलता है पानी तो जरूरी हैक्स आएंगे काम

प्रेशर कुकर कई सारी रेसिपीज बनाने के काम आता है। एक वक्त के बाद, प्रेशर कुकर भी खराब होने लगता है। कभी इसमें सीटी की समस्या हो जाती है और कभी गास्केट ढीला हो जाता है। प्रेशर कुकर से पानी निकलना भी आम है, लेकिन इस परेशानी का हल हम आपको बताने वाले हैं।



प्रेशर कुकर तो हर घर में होता है। यह एक ऐसा एसेंशियल बर्तन है जिसके बिना कई सारे काम नहीं हो सकते हैं। दाल, करी, चावल, आदि चीजों को झटपट बनाने के लिए इसका ही उपयोग किया जाता है। हालांकि, एक वक्त के बाद, प्रेशर कुकर में कई सारी समस्याएं होनी लगती हैं। कभी कुकर की सीटी खराब हो जाती है। कभी उसका गास्केट ढीला होने लगता है। कभी सही से प्रेशर नहीं बनता है और कभी तो पानी उससे निकलने लगता है। इससे न केवल खाना पकाने में देरी होती है, बल्कि रसोई में गंदगी भी हो सकती है। इसी समस्या का समाधान लेकर हम हाजिर हैं। हमारे देसी जुगाड़ और अनोखे हैक्स आपके प्रेशर कुकर को लीक होने से रोक सकते हैं और आपके काम को आसान बना सकते हैं।

प्रेशर कुकर लीकेज को रोकने के लिए सबसे सरल और सबसे प्रभावी देसी तरकीबों में से एक है आटे को सीलेंट के रूप में इस्तेमाल करना। आटे की एक पतली पट्टी बेलें और ढक्कन को बंद करने से पहले कुकर के किनारे पर रखें। यह एक टाइट सील बनाएगा है, जिससे भाप बाहर नहीं निकल पाती।

अगर गैसकेट डैमेज है और आपके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है, तो यह एक बेहतरीन अस्थायी उपाय है। आटा एक लचीली सील की तरह काम करता है।



घर की दिशाओं में छुपा है आपकी सेहत का राज, जानिए सही दिशा

हर व्यक्ति की यही इच्छा होती है कि उसका घर ऐसा आशियाना बने, जहाँ वह अपने परिवार के साथ खुशहाल, शांत और स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सके। वास्तु शास्त्र के अनुसार, हमारा घर केवल सिर छिपाने की जगह भर नहीं है, बल्कि उसके भीतर और आसपास बहने वाली सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा का सीधा प्रभाव हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, विचारों तथा आर्थिक स्थिति पर पड़ता है।

यदि घर में अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी और आकाश—इन पंचतत्वों का सही संतुलन न हो, तो घर में गंभीर 'वास्तु दोष' उत्पन्न हो जाता है। वास्तु दोष के कारण जीवन में अचानक अस्थिरता आ जाती है, आमदनी के रास्ते बंद होने लगते हैं, अनावश्यक खर्च बढ़ते हैं और अचानक विपत्तियों का सामना करना पड़ता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि घर के विभिन्न कोनों और दिशाओं में मौजूद दोष घर के सदस्यों को पुरानी व गंभीर बीमारियों का शिकार बना देते हैं। घर की किस दिशा में कौन-सा दोष होने से स्वास्थ्य संबंधी क्या-क्या समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं,इस पर आपको विस्तार से जानना जरूरी है।

ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा)

ईशान कोण को ईश्वर और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश



द्वार माना जाता है। इस दिशा का भारी, गंदा या दूषित होना बहुत बड़ा वास्तु दोष माना गया है।

स्वास्थ्य पर प्रभावः इस दिशा में दोष होने पर पुरुषों को स्त्रियों की तुलना में अधिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्रमुख बीमारियांः यदि ईशान कोण में बेडरूम बनाया जाए, तो अनिद्रा (नींद न आना), डरावने सपने, स्मरण शक्ति कमजोर होना (मेमोरी लॉस), मानसिक तनाव, डिप्रेशन और उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) जैसी समस्याएं घेर लेती हैं। नवविवाहित या दंपत्ति को यहाँ भूलकर भी नहीं सोना चाहिए। रसोई घर का दोषः ईशान कोण में रसोई होने से पेट के रोग, गैस, अपच और पाचन तंत्र की गड़बड़ी बनी रहती है। साथ ही स्त्रियों में प्रजनन क्षमता पर नकारात्मक असर और रक्त संबंधी विकार हो सकते हैं।

आग्नेय कोण (दक्षिण-पूर्व दिशा)

यह दिशा अग्नि तत्व का प्रतिनिधित्व करती है। यहाँ जल या नमी से जुड़ा कोई भी निर्माण सबसे बड़ा दोष पैदा करता है। स्वास्थ्य पर प्रभावः यदि आग्नेय कोण में भूमिगत पानी की टंकी, बोरवेल, कुआँ या जलभराव की व्यवस्था हो, तो घर में गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं। प्रमुख बीमारियांः आमाशय (पेट), आंतों के इंफेक्शन, फेफड़ों की बीमारी और श्वसन संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस दिशा में दोष होने पर महिलाओं के स्वास्थ्य को पुरुषों की तुलना में अधिक क्षति पहुँचती है।

दक्षिण दिशा

दक्षिण दिशा यम और मंगल ग्रह का स्थान मानी जाती है। यह दिशा भारी और बंद होनी चाहिए। स्वास्थ्य पर प्रभावः दक्षिण दिशा में यदि मुख्य द्वार, गड्ढा, खिड़की या खुलापन अधिक हो, तो यह घर की महिलाओं के लिए अत्यंत कष्टकारी सिद्ध होता है। उन्हें शारीरिक कमजोरी, खून की कमी और मानसिक चिंता का सामना करना पड़ता है।



मॉडर्न होम डेकोर ट्रेंड्स में सही टाइल्स के चुनाव से घर के फर्श को दें शानदार और क्लासी लुक

घर का फर्श सिर्फ चलने-फिरने की जगह नहीं होता, बल्कि यह आपके घर के इंटीरियर की नींव और बच्चों का पहला प्लेग्राउंड भी होता है। यही वजह है कि फर्श का साफ-सुथरा, सुरक्षित, टिकाऊ और देखने में बेहद खूबसूरत होना जरूरी है।

अगर आप अपना नया आशियाना बनवा रहे हैं या पुराने घर को नया और मॉडर्न लुक देने के लिए रिनोवेशन (जीर्णोद्धार) की योजना बना रहे हैं, तो सही टाइल्स का चुनाव आपके घर का पूरा कायाकल्प कर सकता है। आजकल बाजार में नई तकनीक से बनी विभिन्न शेप्स, कलर्स, डिजाइन्स, फिनिशिंग और टेक्सचर वाली टाइल्स आसानी से उपलब्ध हैं। आइए



जानते हैं फर्श के लिए सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले टाइल्स के विकल्पों और उनके खास फायदों के बारे में:

पोर्सलीन/विट्रिफाइड टाइल्स (चीनी मिट्टी की एडवांस्ड टाइल्स)

चीनी मिट्टी और क्ले के मिश्रण से उच्च तापमान पर तैयार की जाने वाली विट्रिफाइड व पोर्सलीन टाइल्स आजकल इंटीरियर डिजाइनर्स की पहली पसंद बनी हुई हैं। ये टाइल्स बेहद मजबूत, वाटरप्रूफ और स्क्रैच-रेसिस्टेंट (खरोंच-रोधी) होती हैं। उपयोग और खासियतः इनकी वाटर-एब्जॉर्प्शन क्षमता (पानी सोखने की दर) बहुत कम होती है, जिसके कारण ये घर के लिविंग रूम, बालकनी, पोर्च और बाहरी फर्श (आउटडोर एरिया) के लिए सबसे उपयुक्त मानी जाती हैं। भारी इस्तेमाल के बाद भी इनकी चमक सालों-साल बनी रहती है।

सिरेमिक टाइल्स (बजट-फ्रेंडली और वर्सेटाइल विकल्प)

सिरेमिक टाइल्स प्राकृतिक मिट्टी से बनाई जाने वाली पतली और सपाट सतह वाली टाइल्स होती हैं। ये न केवल पॉकेट-फ्रेंडली (बजट में) होती हैं, बल्कि इन्हें बहुत ज्यादा देखभाल (मेंटेनेंस) की जरूरत भी नहीं होती। उपयोग और खासियतः ये अनगिनत रंगों, प्रिंट्स और आकृतियों में उपलब्ध हैं। अगर आप किचन की दीवारों, बेडरूम या लिविंग एरिया के लिए कम बजट में टिकाऊ और आकर्षक विकल्प ढूंढ रहे हैं, तो सिरेमिक टाइल्स सबसे बेहतरीन विकल्प हैं।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'स्ट्रीट फाइटर' के लाइव-एक्शन रीबूट की इसी महीने होगी धमाकेदार एंट्री



गेमिंग और सिनेमा प्रेमियों के लिए एक बेहद शानदार खबर सामने आई है। विश्वभर में मशहूर लोकप्रिय वीडियो गेम 'स्ट्रीट फाइटर' का नया लाइव-एक्शन रीबूट रूपांतरण इसी महीने सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। एक्शन और फाइटिंग शैली के मुरीदों के लिए यह फिल्म किसी बड़ी सौगात से कम नहीं मानी जा रही है। इस फिल्म की कहानी को 1993 के दौर (बैकड्रॉप) में स्थापित किया गया है, जो दर्शकों को बीते जमाने के उसी पुराने और रोमांचक युग में वापस ले जाएगी। फिल्म के मुख्य कथानक में दो सबसे लोकप्रिय किरदारों— रयू और केन मास्टर्स— के बीच की ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता को केंद्र में रखा गया है। फिल्म में रयू की भूमिका में अभिनेता एंड्रयू कोजी नज़र आएंगे, जबकि केन मास्टर्स का किरदार नोह सैंटिनेओ निभा रहे हैं। दोनों मुख्य अभिनेताओं के बीच का मुकाबला और पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री देखना दर्शकों के लिए काफी दिलचस्प होगा। कहानी केवल एक साधारण फाइटिंग टूर्नामेंट तक सीमित नहीं है, बल्कि इस विश्व प्रसिद्ध प्रतियोगिता के पीछे छिपी एक बहुत ही खतरनाक और रहस्यमयी साजिश का पर्दाफाश भी करती है। जैसे-जैसे लड़ाके रिंग में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष करते हैं, वैसे-वैसे वे इस खौफनाक साजिश की गहराइयों में उलझते चले जाते हैं।फिल्म के रिलीज़ होने से पहले ही हॉलीवुड के गलियारों में इसके दृश्यात्मक प्रभावों (वीएफएक्स) और उच्च स्तर के एक्शन दृश्यों की जमकर तारीफ हो रही है। फिल्म समीक्षकों और विशेषज्ञों का मानना है कि इसके स्टंट और कॉम्बैट सीन सीधे गेमिंग अनुभव से प्रेरित हैं, जिन्हें बड़े पर्दे पर बिल्कुल नए और यथार्थवादी अंदाज में उतारा गया है।

टॉलीवुड

आदर्श कुटुंबम - हाउस नंबर 47' की रिलीज फिर टली, वजह आई सामने



दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती और दिग्गज निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास की बहुप्रतीक्षित एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'आदर्श कुटुंबम - हाउस नंबर 47' की रिलीज एक बार फिर टल गई है। पारिवारिक मनोरंजन और जबरदस्त एक्शन से भरपूर इस सस्पेंस-ड्रामा का इंतजार कर रहे फैंस को अब थोड़ा और सब्र करना होगा। फिल्म के निर्माता नागा वामसी के अनुसार, पोस्ट-प्रोडक्शन वर्क (पोस्ट-प्रॉडक्ट वर्क) में देरी होने के कारण फिल्म की रिलीज को स्थगित करने का फैसला लिया गया है। पहले यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आने वाली थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 9 अक्टूबर तय किया गया था। लेकिन अब इसे 2 से 3 हफ्ते और आगे बढ़ाया जा रहा है। फिल्म की नई रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती से चर्चा के बाद जल्द ही की जाएगी। 'आदर्श कुटुंबम - हाउस नंबर 47' की कहानी एक आम मध्यमवर्गीय परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने सपनों का नया घर खरीदकर उसमें शिफ्ट होता है। लेकिन उस नए मकान—जिसका नंबर 'हाउस नंबर 47' है—में कदम रखते ही परिवार के सामने एक-एक करके कई रहस्यमयी और अप्रत्याशित उलझनें आने लगती हैं। इन्हीं घटनाओं के बीच एक्शन, कॉमेडी और पारिवारिक रिश्तों का ताना-बाना बहुत ही खूबसूरती से बुना गया है। निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास ने अपने खास 'त्रिविक्रमी स्टाइल', चुटीले संवादों और पारिवारिक मूल्यों के साथ इस सस्पेंस-ड्रामा को तैयार किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे वेंकटेश दग्गुबाती एक बार फिर अपनी जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग और दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं।

भोजपुरी

आम्रपाली का धमाका, पवन और निरहुआ के साथ फिर करेंगी नई धमाकेदार फिल्में



भोजपुरी सिनेमा की 'क्वीन' कही जाने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री आम्रपाली दुबे इन दिनों अपने करियर के सबसे बेहतरीन दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' को मिली अपार सफलता और अपार जनसमर्थन के बाद आम्रपाली लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। अपने प्रशंसकों के उत्साह को और बढ़ाते हुए अभिनेत्री ने अब अपने नए और बड़े प्रोजेक्ट्स की घोषणा कर डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से लेकर सिनेमा जगत तक हलचल बढ़ा दी है। आम्रपाली दुबे ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से अपने आने वाले कई बड़े प्रोजेक्ट्स की जानकारी साझा की है। उन्होंने खुलासा किया है कि वह आगामी महीनों में भोजपुरी इंडस्ट्री के दो सबसे बड़े सुपरस्टार्स— पवन सिंह और दिनेश लाल यादव 'निरहुआ'— के साथ कई बड़ी मल्टी-स्टारर और एक्शन-ड्रामा फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाती हुई नजर आएंगी। इन घोषणाओं के बाद से ही उनके प्रशंसकों और भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। पिछले कुछ समय से आम्रपाली दुबे केवल पारंपरिक बड़े पर्दे तक सीमित न रहकर डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। ओटीटी और डिजिटल स्पेस में उनकी बढ़ती सक्रियता ने उनकी फैन फॉलोइंग को और अधिक व्यापक बना दिया है। रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' में उनके अंदाज और प्रदर्शन को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।


एप्लिक वर्क लहंगा

यह भव्य और रंगीन आउटफिट मशहूर भारतीय फैशन डिजाइनर आशा गौतम का एक शानदार क्रिएशन है। नेवी ब्लू बेस पर तैयार किए गए इस पारंपरिक लहंगे में विविध रंगों का उपयोग करते हुए विस्तृत एप्लिक वर्क, बारीक रेशम हैंड-एंब्रॉयडरी और आकर्षक फ्लोरल मोटिफ्स की कारीगरी की गई है। मॉडल सुजैन द्वारा प्रदर्शित किया गया यह डिजाइनर पीस मुख्य रूप से ब्राइडल एवं वेडिंग कलेक्शन लुकबुक के लिए तैयार किया गया है। एथनिक और आधुनिक स्टाइल का यह अनोखा संगम शादी-विवाह के अवसरों जैसे संगीत, हल्दी या भव्य रिसेप्शन के लिए एक आदर्श और आकर्षक विकल्प है।



स्मार्ट मेकअप टूल्स देंगे ब्यूटी रूटीन को मॉडर्न टच

आज क समय म ब्यूटा आर मकअप का दुनिया सिर्फ प्रोडक्ट्स (जैसे लिपस्टिक, फाउंडेशन या मस्कारा) तक सीमित नहीं रह गई है। खूबसूरत और फ्लॉलेस लुक पाने के लिए सही ब्यूटी टूल्स का इस्तेमाल भी उतना ही महत्वपूर्ण हो चुका है। मॉडर्न वुमेन अब स्मार्ट और असरदार मेकअप टूल्स को अपनी ब्यूटी किट का हिस्सा बना रही हैं। आइए जानते हैं ब्यूटी इंडस्ट्री में छाए कुछ ऐसे ही ट्रेंडिंग मेकअप टूल्स के बारे में जो आपके मेकअप और स्किन केयर एक्सपीरियंस को बदल रहे हैं।



इलेक्ट्रिक/हीटेड लैश कर्लर

पलकों को सही शेप और वॉल्यूम देना हर आई-मेकअप का अहम हिस्सा होता है। पारंपरिक मेटल लैश कर्लर की तुलना में अब इलेक्ट्रिक या हीटेड लैश कर्लर काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। लॉन्ग लास्टिंग कर्लः हल्की गर्माहट की मदद से यह आपकी पलकों को बिना नुकसान पहुँचाए तुरंत और लंबे समय तक टिकने वाला कर्ल देता है।
इस्तेमाल में आसानः रीचार्ज करने योग्य होने के कारण इन्हें कहीं भी ले जाना बेहद आसान है। यह मस्कारा लगाने से पहले या बाद में पलकों को एक परफेक्ट लिफ्ट देने का काम करता है।

गुआ शा और फेस रोलर

मेकअप तभी निखर कर आता है जब त्वचा अंदर से स्वस्थ और ग्लोइंग हो। जेड या रोज क्वार्ट्ज जैसे नेचुरल स्टोन्स से बने गुआ शा और फेस रोलर्स अब हर मेकअप आर्टिस्ट और ब्यूटी इन्फ्लुएंसर की पहली पसंद बन चुके हैं।
मकअप स पहल इस्टट ग्लाः मकअप लगान से कुछ समय पहले फेस रोलर या गुआ शा से मसाज करने पर चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे नेचुरल रेडिएंस आता है।
पफिनेस कम करनाः सुबह के समय आंखों और चेहरे की सूजन को कम करने के लिए इन्हें फ्रिज में रखकर इस्तेमाल करना बहुत फायदेमंद होता है।
शार्प कंटूरिंगः गुआ शा टूल की मदद से जॉलाइन और चीकबोन्स को लिफ्टेड और शार्प लुक दिया जा सकता है, जिससे कंटूरिंग करना और आसान हो जाता है।
तकनीक और पारंपरिक स्किन केयर के इस अनोखे संगम ने ब्यूटी रूटीन को न केवल आसान बल्कि और अधिक प्रभावी बना दिया है। चाहे बात आंखों की सुंदरता बढ़ाने की हो या चेहरे की प्राकृतिक रंगत को निखारने की—हीटेड लैश कर्लर, गुआ शा और फेस रोलर जैसे टूल्स आज की मॉडर्न लाइफस्टाइल का एक अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। अगर आप भी अपने ब्यूटी रूटीन को अपग्रेड करना चाहती हैं, तो इन ट्रेंडी टूल्स को अपनी किट में ज़रूर शामिल करें।

कार्डिगन सेट्स कम्फर्ट और एलिगेंस का कॉम्बिनेशन ट्रेंड में



बदलते फैशन के दौर में स्टाइल और आराम (कम्फर्ट) का एक साथ मिलना हर महिला की पहली पसंद बन गया है। आज की आधुनिक, कामकाजी और एक्टिव महिला ऐसे परिधान चुनना चाहती है जो न केवल दिखने में बेहद आकर्षक हों, बल्कि जिन्हें दिनभर बिना किसी परेशानी के पहना जा सके। इसी सोच और जरूरत ने फैशन वर्ल्ड में एक नए ट्रेंड को जन्म दिया है— 'मैचिंग कार्डिगन सेट्स' आजकल फैशन इन्फ्लुएंसर्स से लेकर वर्किंग वुमेन और कॉलेज गोइंग गर्ल्स तक, सभी के वार्डरोब में मैचिंग टैंक टॉप और कार्डिगन सेट्स अपनी खास जगह बना चुके हैं। आइए विस्तार से जानते हैं कि यह ट्रेंड इतना लोकप्रिय क्यों हो रहा है और इसे अलग-अलग मौकों पर कैसे स्टाइल किया जा सकता है।





क्यों खास हैं मैचिंग कार्डिगन सेट्स?

पुराने समय में कार्डिगन को केवल ठंड से बचने के लिए किसी भी इनर या टी-शर्ट के ऊपर पहन लिया जाता था। लेकिन नया 'ट्विन-सेट' या 'मैचिंग सेट' ट्रेंड फैब्रिक, कलर और टेक्सचर के सटीक मेल के साथ आता है। मैचिंग इनर टैंक टॉप और ऊपर से वही सेम-शेड कार्डिगन मिलकर एक क्लीन, मिनिमलिस्टिक और सोफिस्टिकेटेड लुक तैयार करते हैं।

वर्सैटिलिटी का बेजोड़ संगम

इस सेट की सबसे बड़ी खासियत इसकी वर्सैटिलिटी है। आप इसे एक साथ पहनकर फुल-सेट लुक ले सकती हैं या फिर दोनों को अलग-अलग कपड़ों के साथ मिक्स एंड मैच भी कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, टैंक टॉप को किसी जैकेट के साथ या कार्डिगन को किसी ड्रेस के ऊपर स्टाइल किया जा सकता है। वर्कप्लेस पर सोबर और प्रोफेशनल दिखना बेहद जरूरी होता है।

ठंड में चेहरे की देखभाल जेंटल क्लींजिंग और मॉइस्चराइजिंग से




सर्दियों का सुहावना मौसम अपने साथ हल्की-हल्की ठंडक तो लाता ही है, लेकिन साथ में बहने वाली शुष्क हवाएं त्वचा की प्राकृतिक नमी को तेजी से छीन लेती हैं। इस मौसम में नमी की कमी के कारण चेहरा रूखा, बेजान और खिंचा-खिंचा सा महसूस होने लगता है। ऐसे में त्वचा को रूखेपन और फाइन लाइन्स से बचाकर चेहरे पर प्राकृतिक ग्लो बनाए रखने के लिए एक समर्पित स्किन केयर रूटीन की बेहद जरूरत होती है। सर्दियों में त्वचा की उचित देखभाल के दो सबसे मजबूत और असरदार आधार हैं— जेंटल क्लींजिंग और डीप मॉइस्चराइजिंग।

सौम्य स्वच्छताः जेंटल क्लींजिंग से बचाएं प्राकृतिक नमी

सर्दियों के दौरान त्वचा की देखभाल में अक्सर सबसे बड़ी गलती कठोर साबुन या अत्यधिक झाग बनाने वाले फेस वॉश का इस्तेमाल करना होता है। ऐसे क्लींजर त्वचा में मौजूद प्राकृतिक तेल (सेबम) को पूरी तरह खत्म कर देते हैं, जिससे चेहरा और अधिक रूखा व संवेदनशील बन जाता है। इस मौसम में फोम-बेस्ड फेस वॉश के बजाय क्रीमी, हाइड्रेटिंग या ऑयल-बेस्ड जेंटल क्लींजर का चुनाव करना चाहिए जो त्वचा की गंदगी को साफ करने के साथ-साथ उसकी कोमलता को भी बनाए रखते हैं। इसके साथ ही चेहरा धोने के लिए बहुत गर्म पानी का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए और हमेशा हल्के गुनगुने पानी का ही उपयोग करना चाहिए। क्लींजिंग के तुरंत बाद त्वचा को गहरा पोषण देना सर्दियों में बेहद आवश्यक होता है, क्योंकि यही चरण त्वचा के अंदर नमी को लॉक करने का काम करता है।

बॉडी मसाज कराएं लेकिन अपनी सेहत और सुरक्षा का भी रखें ध्यान



भागदौड़ भरी जिंदगी में शारीरिक थकान दूर करने, तनाव घटाने और मांसपेशियों को आराम पहुँचाने के लिए 'बॉडी मसाज' एक बेहतरीन ज़रिया है। सही तरीके से की गई मालिश न केवल शरीर में रक्त संचार (ब्लड सर्कुलेशन) को बढ़ाती है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करती है। हालांकि, सही जानकारी और सावधानियों के अभाव में यही मसाज शरीर को फायदे की जगह नुकसान भी पहुँचा सकती है। इसलिए मसाज का पूरा लाभ उठाने के लिए कुछ बुनियादी बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

स्वास्थ्य स्थिति और शारीरिक सीमाओं का रखें ध्यान

बॉडी मसाज कराने से पहले अपनी सेहत की स्थिति का आकलन करना सबसे महत्वपूर्ण कदम है। यदि आप किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या जैसे हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारी, वैरिकोज वेन्स या रीढ़ की हड्डी से जुड़ी तकलीफ से जूझ रहे हैं, तो बिना डॉक्टर की सलाह के डीप-टिश्यू या बहुत दबाव वाली मसाज कभी न कराएं। इसके अलावा, यदि त्वचा पर किसी प्रकार का कट, खुला घाव, एलर्जी, रैश या हालिया सर्जरी का निशान हो, तो उस हिस्से पर मालिश करने से पूरी तरह बचना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को भी केवल विशेषज्ञ की देखरेख में ही विशेष प्री-नेटल मसाज करानी चाहिए। मसाज कराने का समय और उसके बाद की दिनचर्या भी उतनी ही मायने रखती है।

कार्नर न्यूज

स्टाइल और सार्टोरियल एलिगेंस का नया अध्याय ट्रेंड में

मेंस फैशन में स्मार्ट लेयरिंग और टेक्सचर्ड फैब्रिक्स का जानिए राज, लुक में भी आएगा शाही अंदाज

बदलते दौर के साथ पुरुषों का फैशन और स्टाइल स्टेटमेंट एक नए मोड़ पर पहुँच चुका है। अब पुरुषों का पहनावा केवल एक सादी टी-शर्ट या पारंपरिक शर्ट तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि आधुनिक पुरुष अपने रोज़ाना के स्टाइल में कम्फर्ट, एलिगेंस और वर्सैटिलिटी का अनोखा तालमेल तलाश रहे हैं। इसी सोच और बदलती ज़रूरतों के कारण इस सीज़न मेंस फैशन वर्ल्ड में 'स्मार्ट लेयरिंग' और 'टेक्सचर्ड फैब्रिक्स' का दबदबा देखने को मिल रहा है। यह नया ट्रेंड पुरुषों को न केवल एक प्रीमियम और सोफिस्टिकेटेड लुक देता है, बल्कि उनके व्यक्तित्व में एक अलग तरह का निखार और आत्मविश्वास भी जोड़ता है।



स्मार्ट लेयरिंगः रंगों और कपड़ों का संतुलित तालमेल

फैशन की दुनिया में लेयरिंग का अर्थ अब केवल ठंड से बचने के लिए कपड़े लादना नहीं रह गया है, बल्कि यह रंगों, फैब्रिक्स और कपड़ों की लंबाई के सटीक संतुलन की एक कला बन चुका है। जब आप एक बेसिक टी-शर्ट के ऊपर कॉटन या फलालैन की ओपन-बटन शर्ट पहनते हैं और उसके साथ एक लाइटवेट जैकेट या ओवरकोट जोड़ते हैं, तो यह आपके पूरे लुक को एक नया डाइमेंशन और गहराई प्रदान करता है। स्मार्ट लेयरिंग की सबसे बड़ी खासियत इसकी फ्लैक्सिबिलिटी है, जिससे आप बदलते मौसम और दिन-रात के तापमान के अनुसार अपनी एक लेयर को हटा या जोड़ सकते हैं और दिनभर बेहद आरामदायक महसूस कर सकते हैं।

टेक्सचर्ड फैब्रिक्सः सादगी में छुपा क्लासिक अंदाज

सादे और प्लेन कपड़ों की जगह अब टेक्सचर्ड फैब्रिक्स पुरुषों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। कपड़ों की विशेष बुनावट और उनकी सतह का अहसास इस स्टाइल को बेहद खास बनाता है। आजकल कॉर्डुओरॉय की धारियों वाली बुनावट और फलालैन का सॉफ्ट टेक्सचर ओवरशर्ट्स और ट्राउज़र्स में खूब पसंद किया जा रहा है। इसके साथ ही रिब्ड निट्स, वूल-ब्लेंड्स और हाफ-जिप स्वेटर्स पुरुषों को एक रिच और एलिगेंट फील देते हैं। ये फैब्रिक्स दिखने में जितने आकर्षक और क्लासी लगते हैं, पहनने में उतने ही आरामदायक भी होते हैं।

परफेक्ट स्टाइलिंगः बेस लेयर से आउटर टच तक

एक परफेक्ट लेयरिंग लुक तैयार करने के लिए सबसे पहले सफेद, ग्रे या काले रंग की एक सिंपल बेस टी-शर्ट से शुरुआत की जाती है। इसके ऊपर कॉर्डुओरॉय ओवरशर्ट, फलालैन चेक शर्ट या हाफ-जिप स्वेटर जैसी टेक्सचर्ड मिड-लेयर जोड़ी जाती है। अंत में एक बॉम्बर जैकेट, डेनिम जैकेट या टेलर्ड ओवरकोट के साथ आउटर फिनिशिंग दी जाती है, जिसमें हमेशा पतले कपड़े अंदर और भारी कपड़े बाहर की ओर पहने जाते हैं।

